
हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी...

रायपुर। नवरात्रि पर्व के आठवें दिन महाअष्टमी के अवसर पर शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में हवन-पूजन विधि-विधान से किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में समिधा अर्पित कर पूर्णाहुति दी। पुरानी बस्ती स्थित महामाया माता मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर और आकाशवाणी स्थित कालीमाता मंदिर समेत अन्य मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वाहा...स्वाहा के स्वर गूंजते रहे। यह धार्मिक अनुष्ठान दोपहर से देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर, फूल-माला अर्पित कर और दुर्गा सप्तशती का पाठ कर मां जगदम्बा देवी की आराधना की।

### नवरात्रि विशेष



## नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-घान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

### जीएसटी कम होने से हर सेक्टर में हो रही जमकर खरीदारी

# नवरात्रि पर बाजार में बरस रहा धन, धनतेरस तक 'धंधा' पहुंचेगा दस हजार करोड़ से ऊपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि के प्रारंभ होते ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। नवरात्रि के नौ दिनों में बाजार में जमकर धन बरसा है। आगे भी अब धनतेरस तक बाजार गुलजार रहेंगे और हर सेक्टर में जमकर खरीदारी होगी। प्रदेश में धनतेरस तक हर सेक्टर पर जमकर लक्ष्मी की कृपा बरसने की उम्मीद है। बाजार में दस हजार करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है। सराफा और कपड़ा बाजार में जहां करीब तीन-तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है, वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में दो से ढाई हजार करोड़ का कारोबार होगा। रीयल एस्टेट में भी हजार करोड़ का कारोबार होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फर्नीचर, बर्तन को मिलाकर दो हजार करोड़ के आसपास कारोबार होने की संभावना है। अब तक नवरात्रि में दो हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो चुका है। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस के दो दिनों में ही पांच हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने का अनुमान है।

त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से हुआ है। इसके बाद लगातार त्योहार हैं। ऐसे में नवरात्रि से ही हर सेक्टर के बाजार में लोग खरीदारी करने निकल रहे हैं। नवरात्रि में तो वाहन, कपड़ों, सोने-चांदी से लेकर हर तरह की खरीदी को शुभ माना जाता है। ग्राहक नवरात्रि के पहले दिन से ही राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में खरीदारी करने के लिए पहुंच रहे हैं। यह सिलसिला लगातार चल रहा है। इस बार नवरात्रि दस दिनों की है।

हरिभूमि सरोकार

### सबसे ज्यादा बिकेगा सोना



*इस समय सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। इस साल कीमत एक लाख के पार होकर इस समय सवा लाख के रास्ते पर है। इस समय दाम एक लाख 20 हजार तक चले गए हैं। धनतेरस पर इसकी कीमत सवा लाख होने के आसार हैं। ऐसे में लोग कीमत के कारण निवेश के लिए लगातार खरीदारी कर रहे हैं। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर सबसे ज्यादा खरीदारी होगी। डेढ़ हजार करोड़ का कारोबार इन दो दिनों में ही हो जाएगा। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक, धनतेरस तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक, चांदी का कारोबार भी भरपूर होगा। चांदी में लोग निवेश कर रहे हैं। चांदी के दाम तो डेढ़ लाख के करीब पहुंच गए हैं।*

### कपड़ा बाजार गुलजार

कपड़ों की नवरात्रि के पहले ही दिन से जमकर खरीदारी हो रही है। प्रदेश भर के ग्राहकों के साथ कारोबारी भी पंडरी कपड़ा बाजार में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक, प्रदेश के शहरों के साथ आसपास के राज्यों के कारोबारी भी खरीदारी करने आ रहे हैं। इसी के साथ लोकल ग्राहक भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहेगा, ऐसे में अच्छी खरीदारी हो रही है। सीजन में ढाई से तीन हजार करोड़ का कारोबार पूरे छत्तीसगढ़ में रेडीमेड कपड़ों को मिलाकर हो जाएगा।

### इलेक्ट्रॉनिक बाजार गुलजार



इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी पूरे माह भर गुलजार रहेगा। नवरात्रि से ही जमकर खरीदारी हो रही है। एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलईडी से लेकर किचन के सामान, मोबाइल, फर्नीचर और बर्तनों को मिलाकर दो हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। इस बार जीएसटी के कम होने के कारण इसका कारोबार भी ज्यादा होगा। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक जीएसटी कम होने के कारण इस बार कारोबार बीते साल से 20 से 25 फीसदी ज्यादा होने का अनुमान है।

### एक लाख बाइक बिकने का अनुमान

त्योहारी सीजन में नवरात्रि से वाहनों की बिक्री हो गई है। त्योहारों में सबसे ज्यादा बाइक ही बिक्री होती है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक सीजन में दीपावली तक एक लाख बाइक बिकने का अनुमान है। इसकी कीमत ही करीब हजार करोड़ हो जाएगी। जानकारों के मुताबिक कारों के साथ अन्य वाहनों को मिलाकर करीब दस हजार वाहन बिकेंगे। साथ ही कमर्शियल वाहन भी बिकेंगे। सभी को मिलाकर करीब ढाई हजार करोड़ का कारोबार हो जाएगा। जीएसटी के कम होने कारण इस बार ज्यादा कारोबार होगा। नवरात्रि में ही 30 हजार से ज्यादा वाहन बिकने का अनुमान है। नवरात्रि में रोज तीन हजार वाहन बिक रहे हैं।

### मकान भी खूब बिकेंगे

नवरात्रि से ही रीयल एस्टेट में भी बूम आ गया है। यह बूम धनतेरस तक जारी रहेगा। एक अनुमान के मुताबिक रीयल एस्टेट में इस बार त्योहारी सीजन में हजार करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है। छोटे मकान जहां दस लाख तक के हैं, वहीं बड़े मकान एक करोड़ से ज्यादा के भी हैं। बिल्डर विजय नत्थानी के मुताबिक बिल्डिंग मटेरियल में जीएसटी कम होने के कारण नई योजनाओं के मकानों की कीमत कम होने के कारण इनकी भी बुकिंग होगी।

### राज्य में अब तक 1167 मिमी. वर्षा

# चार महीने का रेनी सीजन खत्म मानसून जुलाई में ज्यादा मेहरबान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में चार महीने का रेनी सीजन मंगलवार को समाप्त हो गया। बुधवार एक अक्टूबर से यहां होने वाली वर्षा की गतिविधि पोस्ट मानसून की श्रेणी में शामिल होगी। इस बार जुलाई में मानसून ज्यादा मेहरबान रहा और प्रदेश में 478 मिमी. बारिश हुई। इसके अलावा अन्य तीन महीने में कुल वर्षा का आंकड़ा 1167 मिमी. पहुंचा, जो सामान्य से 3 प्रतिशत ज्यादा है। 30 सितंबर की स्थिति में 3 जिले अल्प वर्षा के संकट के दायरे में हैं, 6 जिलों में ज्यादा और 24 जिलों में बारिश अपनी सामान्य स्थिति में रही। मानसून के राज्य में 13 दिन पहले यानी 28 मई को दस्तक देने के बाद भी जून में वर्षा की गतिविधि व्यापक नहीं हो पाई थी। जुलाई आते ही मानसून ने रफ्तार पकड़ी और कुछ जिलों को छोड़कर बाकी जिलों में जमकर पानी बरसा। जुलाई की बरसात से प्रदेश के नदी, तालाब हुए संकट समाप्त हो गया। इसके बाद अगस्त में भी मानसून कभी जोरदार तो कभी सामान्य रूप से अपना असर दिखाता रहा। ▶▶|शेष पेज 11 पर

- अक्टूबर में पोस्ट मानसून की गतिविधि 3 जिलों में कम

### दशहरा के दिन बारिश की संभावना

बंगाल की खाड़ी में बने अलग-अलग सिस्टम के प्रभाव से 2-3 अक्टूबर को प्रदेश में बारिश की संभावना है। इसका ज्यादा प्रभाव दक्षिण छत्तीसगढ़ और हल्का से मध्यम असर मध्य हिस्से में रहने के आसार हैं। उत्तर अंडमान सागर के ऊपर बना हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र बुधवार को मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है।

### कौन सा जिला किस श्रेणी में

कम वर्षा वाले जिला- बेमेतरा 524 मिमी. सामान्य से 50 फीसदी, जशपुर 1040 मिमी. सामान्य से 23 फीसदी, सरगुजा 825.6 मिमी. के साथ 20 फीसदी कम। अधिक वर्षा वाले जिला- बालोद 1251 सामान्य 22 फीसदी, बलरामपुर 1521 सामान्य से 52, बस्तर 1519 सामान्य से 30 दंतेवाड़ा 1548 सामान्य 20, जांजगीर 1355 सामान्य से 23, मोहला-मानपुर 1427 सामान्य से 39 फीसदी ज्यादा। सामान्य वर्षा वाले जिला- रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग समेत अन्य 24 जिले।

### खबर संक्षेप

## नाबालिग के कब्जे से दो वाहन बरामद

**रायपुर।** एंटी क्राइम साइबर यूनिट एवं टिकरापारा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी श्रीनिवास ठाके निवासी लक्ष्मीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 सितंबर को उसने एक्टिवा घर के सामने पार्क की थी, जिसे कोई चोरी कर ले गया। इसी प्रकार प्रार्थी खेमचंद देवांगन निवासी ज्योति नगर मठपुरैना ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी एक्टिवा कृष्णा नगर से चोरी हो गई। पुलिस ने जांच करते हुए एक नाबालिग लड़के को पकड़ा तथा उसके कब्जे से दोनों वाहन बरामद किए।

## बगैर कारण बोतल से किया हमला, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में अपराध कायम किया है। घटना 29 सितंबर की रात करीब साढ़े 10 बजे शामियाना आरडीए कॉलोनी की है। प्रार्थी मुश्ताक अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिट्ठल नामक युवक ने बिना कारण उसके साथ मारपीट करते हुए बोतल से उस पर हमला किया, जिससे उसे चोटें आई हैं।

# रात 11.30 के बाद ग्राहकों की नो एंट्री 12 बजे तक करना होगा शटर डाउन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अब रात 11.30 बजे के बाद बार, पब एवं बारों में ग्राहकों की नो एंट्री रहेगी, वहीं रात 12 बजे तक किसी भी स्थिति में संचालकों को शटर डाउन करना होगा। कलेक्टर गौरव सिंह एवं एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से आबकारी विभाग से लाइसेंस लिए सभी होटल, क्लब, पब एवं बार चलाने वाले संचालकों की बैठक ली। इस बैठक में संचालकों को कलेक्टर ने दो टूक कहा कि अगर वे नियमों के तहत बार, पब एवं क्लब का संचालन करेंगे तो ठीक है, नहीं तो उनका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने एक दिन पहले ही रात 12 बजे के बाद भी होटल बार, पब एवं क्लब खोलकर शराब परोसने वाले सात संचालकों पर सख्ती बरतते ▶▶|शेष पेज 11 पर

- बार-क्लब, बार संचालकों को कलेक्टर की दो टूक, कहा- नियमों का उल्लंघन करने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

### ...तो संचालकों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

बैठक में एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने यह भी निर्देश दिए हैं कि लाइसेंस शराब पिलाने के लिए है। इसके अलावा अगर कहीं ड्रग या अन्य कोई सूखा नशा परोसते पाया गया, तो इस मामले में संचालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि लाइसेंसधारी सभी बार, पब, क्लब में अगर विवाद की स्थिति बनती है, तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। अगर मारपीट जैसे घटना होती है, तो इसके लिए भी संचालक जिम्मेदार रहेंगे।

### लापरवाही बरतने पर आबकारी-पुलिस अफसरों पर भी गिरेगी गाज

सूत्रों के अनुसार बैठक के बाद प्रशासन ने आबकारी एवं पुलिस अधिकारियों को भी बार, पब एवं क्लब पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत अगर किसी क्षेत्र में नियमों के विरुद्ध कहीं आयोजन, निर्धारित समय के बाद भी बार, क्लब खुला रखना, ड्रग तथा सूखा नशा परोसने की सूचना मिलने के बाद भी की कार्रवाई नहीं की जाती है, तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के अफसरों को जिम्मेदार मानते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### आयोजन के प्रचार पर भी सख्ती

इस बैठक में संचालकों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि उनके होटल, बार या क्लब में जो भी आयोजन होंगे, उसका प्रचार अनुमति मिलने के बाद ही संचालक कर सकेंगे। अब तक देखा जा रहा था कि आयोजन होने से पहले उसका प्रचार-प्रसार किया जाता है, जिसके कारण कई बार ऐसे आयोजन का प्रचार भी किया जाता है, जो प्रतिबंधित है। हाल ही में न्यूड पार्टी को लेकर रायपुर में भारी हंगामा मचा था। इसे देखते हुए आयोजन के प्रचार से पहले अनुमति लेना अनिवार्य किया है।

# तालाब में अधेड़ की लाश तैरती मिली, दो दिन से था लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सड्डू इलाके में स्थित शीतला तालाब में मंगलवार को एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली। राहगीरों ने इसकी सूचना विधानसभा पुलिस को दी। शव की शिनाख्त कर ली गई है। मृतक केसरी सड्डू का रहने वाला था तथा नशे का आदी था। पिछले दो दिन से वह घर से गायब था। उसके नशे की लत के कारण उसके परिवार वाले उसे ढूंढने का भी प्रयास नहीं कर रहे थे। सुबह उसका शव मिला, तब पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिवार के सदस्यों को दी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में प्रतीत होता है कि मृतक ने आत्महत्या की है। ▶▶|शेष पेज 11 पर

### पत्नी व बच्चों के साथ रहता था मृतक

विधानसभा थाना प्रभारी ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शीतला मंदिर सड्डू में एक लाश को तैरते हुए राहगीरों ने देखा, जिसकी सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव को तालाब से बाहर निकालकर उसकी शिनाख्ती की, तो पता चला कि मृतक भगोलू ध्रुव 50 वर्ष केसरी सड्डू में अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ रहता था। मृतक का परिवार मूलतः ग्राम ओढ़न पलारी क्षेत्र का है, जो ▶▶|शेष पेज 11 पर

# भुनेश्वर साहू हत्या मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की, 18 को बनाया आरोपी

- सभी आरोपियों पर हत्या, हत्या के प्रयास, दंगा, साजिश और सार्वजनिक शांति भंग करने के आरोप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के ग्राम बिरानपुर में भुनेश्वर साहू हत्याकांड के मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में 18 लोगों को आरोपी बनाया है। प्रारंभिक जांच में इस मामले में 12 लोगों को आरोपी बनाया गया था, लेकिन घटना में 6 और लोगों को संलिप्त पाया है, जिसके बाद उनके नाम भी इस हत्याकांड में जोड़ते हुए चार्जशीट दाखिल की है।

**अप्रैल 2023 में हुई थी घटना**

ग्राम बिरानपुर में यह घटना 8 अप्रैल 2023 में हुई थी। इस घटना में भुनेश्वर साहू और उनके साथियों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हमला किया था। सीबीआई की जांच में पाया गया था कि बैठक के दौरान अचानक हमला किया गया था और हमलावर भुनेश्वर साहू को मस्जिद की ओर खींचकर लेकर गए थे। इस हमले में गंभीर चोटें आने के कारण उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। सीबीआई ने जांच में पूर्व में 12 लोगों को आरोपी बनाया था, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, इसमें और 6 लोगों को इस घटना में शामिल होना पाया। इन सभी पर हत्या, हत्या के प्रयास, दंगा, साजिश और सार्वजनिक शांति भंग करने के आरोप हैं। चार्जशीट में फोरेंसिक सबूत, सीसीटीवी फूटेज और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट शामिल हैं। इस घटना में कई अन्य लोग भी घायल हुए थे, जिनमें पुलिसकर्मी और गांव के लोग शामिल हैं। यह मामला अब रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शराब का अवैध परिवहन, एक गिरफ्तार



**रायपुर।** आबकारी विभाग ने एक युवक को अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए पकड़ा है। आरोपी राजू हियाल को आबकारी टीम ने सरोना मार्ग चौक पर एसवीपी, माइनिंग प्रा. लिमिटेड के पास रोककर उसके वाहन में रखे बैग की तलाशी ली तो उसमें 65 पाव देशी मसाला शराब पाई गई। इसे जब्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया। यह कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी जेबा खान के नेतृत्व में की गई। इसमें रविशंकर पैकरा सहायक जिला आबकारी अधिकारी, कौशल सोनी आबकारी उप निरीक्षक, रविंद्र देवांगन आबकारी आरक्षक भी शामिल रहे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# सरकारी सेवकों को अब मिल सकेगा अल्पावधि ऋण, स्कूलों में स्पेशल एजूकेटर की होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राज्य में अब शासकीय सेवकों को अल्पावधि ऋण मिल सकेगा। वहीं राज्य के सरकारी स्कूलों में सौ स्पेशल एजूकेटरों की भर्ती होगी।

इसके साथ ही कैबिनेट ने राज्य के नए मुख्य सचिव का स्वागत किया और सेवानिवृत्त मुख्य सचिव अमिताभ जैन को विदाई दी गई। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय सेवकों की आकस्मिक वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से वेतन के विरुद्ध अल्पावधि ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में बैंकों या वित्तीय संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आगे की कार्यवाही के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है। वित्त विभाग द्वारा प्रक्रिया में पात्र पाए जाने वाले बैंक/वित्तीय संस्था से संपादित किए जाने वाले एमओयू के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट
- नए सीएस विकासशील का स्वागत,जैन की विदाई



### दिव्यांगों के हक में ये फैसला

दिव्यांगजनों के हित में एक बड़ा निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम (एनडीएफडीसी) की बकाया ऋण राशि रुपये 24 करोड़, 50लाख, पांच हजार, 457 रुपए एकमुश्त वापस किये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के द्वारा राज्य के दिव्यांगजनों को स्वरोजगार और शिक्षा के लिए न्यूनतम 3 प्रतिशत ब्याज की दर से ऋण दिया किया जाता है।

### सौ एजूकेटरों की होगी भर्ती

मंत्रिपरिषद द्वारा स्पेशल एजूकेटर के पदों पर सीधी भर्ती के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती एवं पदोन्नति नियम-2019 के प्रावधानों में एक बार के लिये छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि वित्त विभाग द्वारा शिक्षा विभाग को राज्य में 100 स्पेशल एजुकेटर की भर्ती की अनुमति दी गई है। शिक्षा विभाग के भर्ती नियम-2019 को शिथिल करते हुए स्पेशल एजुकेटर के पदों पर सीधी भर्ती चयन परीक्षा के स्थान पर एक बार मेरिट के आधार पर करने का अनुमोदन किया गया।

## खबर संक्षेप

### एमडी कटियार का कार्यकाल बढ़ा



**रायपुर।** प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के एमडी संजीव कुमार कटियार का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। श्री कटियार का कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो गया है। प्रदेश सरकार ने इस कार्यकाल को बढ़ाते हुए आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है, उनका कार्यकाल एक वर्ष या अगले आदेश तक मान्य रहेगा। श्री कटियार अब उत्पादक कंपनी के एमडी के साथ ही संचालक के पद पर भी बने रहेंगे।

### आंबेडकर अस्पताल के वरिष्ठ फार्मासिस्ट सेवानिवृत्त



**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल के वरिष्ठ फार्मासिस्ट एनआर साहू मंगलवार को सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर अस्पताल परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। अस्पताल में आयोजित सादे एवं आत्मीय समारोह में अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने उन्हें शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आहरण एवं संवितरण अधिकारी डॉ. डीके टंडन, स्थापना प्रभारी डॉ. जीआर कुमेटी उपस्थित रहे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर

**रायपुर।** जिले में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए दो दिवसीय विशेष शिविर 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर सामुदायिक-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल पंडरी, कालीबाड़ी, सिविल अस्पताल माना तथा सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालयों में लगाया जाएगा।

## नवा रायपुर में देश का पहला अत्याधुनिक स्मार्ट पंजीयन कार्यालय शुरू, साव ने किया लोकार्पण

# पासपोर्ट और एयरपोर्ट कार्यालयों जैसे माहौल में 12-15 मिनट में होगी मकान-दुकान की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर नवा रायपुर के अटल नगर में देश के पहले अत्याधुनिक स्मार्ट पंजीयन कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा किया गया। इस अवसर पर रायपुर की वीणा देवांगन ने सेल डीड कराई और डिजिटल भुगतान किया। उनकी रजिस्ट्री को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में कैशलेस भुगतान कराकर प्रदर्शित किया गया।

- पीपीपी मॉडल पर आधारित रजिस्ट्री अब होगी तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक

यह कार्यालय पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य नागरिक सेवाओं को तेज, पारदर्शी और आधुनिक मानकों के अनुरूप बनाना है। अब मकान, दुकान या जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए भीड़ वाले सरकारी दफ्तरों में जाने के बजाय, नागरिक 12 से 15 मिनट में पासपोर्ट और एयरपोर्ट कार्यालय जैसे माहौल में अपनी रजिस्ट्री करा सकेंगे। नए स्मार्ट पंजीयन कार्यालयों को नागरिकों को सुखद और सुविधाजनक अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी मुख्य विशेषताओं में अत्याधुनिक और वातानुकूलित परिसर शामिल है, जहां नागरिक आराम से अपनी बारी का इंतजार कर सकेंगे। यहां फ्री वाई-फाई और चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध हैं, ताकि लोग अपने समय का सदुपयोग कर सकें। क्यू-मैनेजमेंट सिस्टम और डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड की मदद से लंबी लाइनों से छुटकारा मिलेगा और दस्तावेज़ों व शुल्क की जानकारी तुरंत मिल जाएगी। प्रशिक्षित हेल्पडेस्क स्टाफ हर कदम पर नागरिकों की सहायता करेंगे। स्वच्छ पेयजल और एयरपोर्ट-स्टाइल वाशरूम से स्वच्छता और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### 117 पंजीयन कार्यालयों को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य

छत्तीसगढ़ सरकार ने अगले एक वर्ष के भीतर प्रदेश के सभी 117 पंजीयन कार्यालयों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य रखा है। पहले चरण में 10 कार्यालयों को विकसित किया जा रहा है, जिनमें से नवा रायपुर का यह कार्यालय पूरी तरह तैयार हो चुका है। इस मॉडल की सफलता को देखते हुए भारत सरकार भी इसी तर्ज पर देशभर में पंजीयन कार्यालयों को विकसित करने पर विचार कर रही है।

### नए युग की शुरुआत : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, स्मार्ट पंजीयन कार्यालय प्रदेश में सुशासन और नागरिक सुविधाओं के नए युग की शुरुआत है। यह पहल छत्तीसगढ़ को एक कल्याणकारी राज्य के रूप में और अधिक सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा, यह पहल इस बात को रेखांकित करती है कि नागरिक सुविधा ही सुशासन का मूल आधार है। उप मुख्यमंत्री द्वय ने इस मौके पर विभागीय मंत्री एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पहल न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में नागरिक सुविधाओं का एक नया मॉडल है। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालय में इतनी अत्याधुनिक सुविधाएँ निश्चित ही छत्तीसगढ़ में हो रहे बदलाव और सुशासन की नई दिशा को दर्शाती हैं।

### नागरिक सेवाएं सर्वोच्च प्राथमिकता : चौधरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, नागरिक सेवाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और स्मार्ट पंजीयन कार्यालय सरकार की सुशासन तथा नागरिक सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह राज्य न केवल पंजीयन सेवाओं में बल्कि अन्य नागरिक सेवाओं में भी देश का नेतृत्व करेगा। स्मार्ट पंजीयन कार्यालय नागरिकों के जीवन में सहजता, पारदर्शिता और विश्वास लाएँगे तथा सुशासन की एक नई पहचान स्थापित करेंगे।

# जीएसटी में बदलाव को लेकर भाजपा का अब घर-घर चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- प्रदेशभर के मंडलों में किए गए सम्मेलन, प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक जा रहे बाजारों में

केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो बड़ा बदलाव किया है, उसे लेकर भाजपा का राष्ट्रीय संगठन देशभर में अभियान चला रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के महामंत्री अरुण सिंह को संयोजक बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन को यह जिम्मा सौंपा गया है। हर जिले में भी समिति बनाई गई है। पहले सभी विधानसभाओं में बड़े सम्मेलन कराने की योजना बनाई गई, लेकिन इसको बदलकर मंडल स्तर पर किया गया और सभी मंडलों में प्रबुद्धजनों के साथ व्यापारियों को बुलाकर सम्मेलन किए गए। इसी के साथ राजधानी रायपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में बड़े सम्मेलन किए गए। अब प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक जहां बाजारों में जा रहे हैं, वहीं कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को बता रहे हैं कि जीएसटी में बदलाव से क्या फायदा हो रहा है। यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा। केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो नया रिफार्म किया है, उसको लेकर भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा अभियान एक माह तक चलाने का फैसला किया है। सभी राज्यों में यह अभियान चल रहा है। छत्तीसगढ़ में अभियान चलाने के लिए प्रदेश स्तर की समिति में महामंत्री यशवंत जैन को संयोजक नियुक्त किया गया है। सदस्य के तौर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, जगदलपुर महापौर संजय पांडेय और रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा रखे गए हैं। इसी के साथ जिलों में चार सदस्यों की एक समिति बनी है। इसमें एक संयोजक और तीन सदस्य रखे गए हैं। इसके बाद से लगातार प्रदेश में बीते 15 दिनों से कार्यक्रम चल रहे हैं।

### अब बाजार और घरों तक जा रहे

प्रदेश संयोजक यशवंत जैन ने बताया, प्रदेश के सभी 476 मंडलों में प्रबुद्धजन और व्यापारियों को बुलाकर सम्मेलन किए गए हैं। इसमें जीएसटी को लेकर सभी से चर्चा की गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित प्रदेश के सभी मंत्री, हमारे विधायक, सांसद, प्रदेश संगठन से लेकर जिलों के पदाधिकारी जहां बाजारों में जाकर जनता के साथ संवाद कर रहे हैं, वहीं व्यापारियों से भी चर्चा हो रही है। भाजपा के कार्यकर्ता लगातार घर-घर जाकर भी लोगों को बता रहे हैं कि किस तरह से जीएसटी में बदलाव के कारण सामानों के दाम कम हुए हैं और लोगों को फायदा हो रहा है।

## केमिस्ट भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने केमिस्ट भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति होगी। 29 सितंबर से 22 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। परीक्षा 21 दिसंबर को संभावित है। रायपुर सहित पांच संभागीय मुख्यालयों में इसके लिए केंद्र बनाए जाएंगे।

## कोर्ट मैनेजर के लिए आवेदन 28 अक्टूबर तक

**रायपुर।** लोक सेवा आयोग ने कोर्ट मैनेजर भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन पोर्टल 29 सितंबर से खोल दिए हैं। 28 अक्टूबर तक इसके लिए आवेदन किए जा सकेंगे। उच्च न्यायालय बिलासपुर में रिक्त 22 पदों को इस परीक्षा के माध्यम से भर जाएगा। विस्तृत अधिसूचना पीएससी की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री दिपक कुमार अग्रवाल, पिता श्री नान्हू राम अग्रवाल, निवासी कोतरा रोड़, गजानंद पुरम कॉलोनी, रायगढ़, छ.ग. के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा- रावाभाटा, प.ह.नं. 00086, रा.नि.मं. रायपुर-21-रावाभाटा, तहसील-धरसीवा, जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 17/1 रकबा 0.2430हे. एवं खसरा नं. 17/4 रकबा 0.2780 हे. कुल रकबा 0.5210हे. भूमि को क्रय करने का सौदा किया गया है।

यह कि, उपरोक्त वर्णित भूमि या इस सौदे को लेकर किसी भी व्यक्ति/संस्था/शासकीय निकाय/बैंक/पक्षकार/ग्राम पंचायत आदि को किसी भी प्रकार से दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक 07 दिनों के भीतर मय सुसंगत दस्तावेजो सहित लिखित में मेरे समक्ष नीचे दिये गये पते पर प्रस्तुत करें। समाचार पत्र के माध्यम से खण्डन स्वीकार नही। अतः म्याद बाद मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन करवा लिया जावेगा। तद्पश्चात किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति उपरोक्त भूमि के संबंध में शून्य व अवैध माना जावेगा, जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक 30.09.2025

भवदीय
तापस कांति घोष
अधिवक्ता
छोटा पारा, रायपुर, छ.ग.
मो. नं.- 98261 32035

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री विकास अग्रवाल, पिता जी.एल. अग्रवाल, श्री श्याम डेव्हलपर्स कोहली गली, आजाद नगर, मशानगंज, बिलासपुर, छ.ग. के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा रावाभाटा, प.ह.नं. 00086, रा.नि.मं. रायपुर-21-रावाभाटा, तहसील- धरसीवा, जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 17/6 रकबा 0.2040हे. भूमि को क्रय करने का सौदा किया गया है।

यह कि, उपरोक्त वर्णित भूमि या इस सौदे को लेकर किसी भी व्यक्ति/संस्था/शासकीय निकाय/बैंक/पक्षकार/ग्राम पंचायत आदि को किसी भी प्रकार से दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक 07 दिनों के भीतर मय सुसंगत दस्तावेजो सहित लिखित में मेरे समक्ष नीचे दिये गये पते पर प्रस्तुत करें। समाचार पत्र के माध्यम से खण्डन स्वीकार नहीं। अतः म्याद बाद मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन करवा लिया जावेगा। तद्पश्चात किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति उपरोक्त भूमि के संबंध में शून्य व अवैध माना जावेगा, जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक 30.09.2025

भवदीय
तापस कांति घोष
अधिवक्ता
छोटा पारा, रायपुर, छ.ग.
मो. नं.- 98261 32035


# बिहार विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के 11 आईएएस और दो आईपीएस बनाए गए आब्जर्वर

- 3 को दिल्ली में चुनाव आयोग की ब्रीफिंग में शामिल होना अनिवार्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के 13 वरिष्ठ अफसरों को आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव और उपचुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक (ऑब्ज़र्वर) नियुक्त किया है। इनमें 11 आईएएस और 2 आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। सभी अधिकारियों को 3 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली चुनाव आयोग की ब्रीफिंग में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा।

जानकारी के अनुसार जिन अफसरों को ऑब्ज़र्वर बनाया गया है, उनमें आईएएस अधिकारी अब्दुल कैसर हक, शम्मी आबिदी, भीम सिंह, शिखा राजपूत तिवारी, धर्मेश साहू, पीएस एल्मा, सारांश मित्तर, पुष्पेंद्र मीणा, तारण प्रकाश सिन्हा, विनीत नंदनवार और रितुराज रघुवंशी के नाम शामिल हैं। वहीं आईपीएस अधिकारियों में डीआईजी डी. रविशंकर और गिरजा शंकर जायसवाल के नाम शामिल हैं।

### चुनाव आयोग ने दिए ये निर्देश

भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि सभी अफसरों को निर्धारित ब्रीफिंग मीटिंग में उपस्थित होना अनिवार्य है। किसी भी अधिकारी की अनधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा और उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। सभी अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर उचित स्वीकृति के साथ सूचना भेजनी होगी और आयोग को लिखित पुष्टि रिपोर्ट देनी होगी।





HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# विधायक साहू मातृशक्ति सम्मान समारोह में हुए शामिल और विकास कार्यों की घोषणा की

## समाज की रीढ़ महिलाओं की गरिमा बढ़ाने के लिए यादव समाज का विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर

ग्राम लमकेनी में यादव समाज के तत्वाधान मे मातृशक्ति सम्मान समारोह के माध्यम से महिलाओ का सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक इंद्रकुमार साहू ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मातृशक्ति हमारे समाज की रीढ़ हैं। परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस तरह के सम्मान समारोह से महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी और समाज में उनकी गरिमा और मजबूत होगी। समारोह में विधायक साहू ने ग्रामीण विकास के लिए कई घोषणाएं भी कीं। उन्होंने 5.20 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया,

**सीसी रोड, शीतला तालाब शेड और बाजार शेड निर्माण के लिए लाखों घोषणाएं किए**



साथ ही शीतला तालाब शेड निर्माण के लिए 5 लाख, बाजार शेड निर्माण एवं कंक्रीटिकरण कार्य के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमति पुष्पा हीरा यादव ने की। मातृशक्ति सम्मान मे हिरौन्दी यदु, बहुरा यदु, श्यामा यदु, प्रेमीन यादव,ललिता यादव, गोदावरी यादव, दुखनी यादव,लता यदु,रूखमणी यादव सहित अन्य महिलाये मौजूद रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, सरपंच पुष्पा हीरा यादव, उपसरपंच लता कुर्रे,अनिता निषाद,रूखमनी यादव,अश्वनी धुरव, चित्ररेखा भारती,सरोज यदु,योमेन्द्र यदु,आनंद यादव, हेमलाल यादव,रामानंद यादव, रामप्रसाद यादव, जीवन यादव, योगेंद्र यादव,जोहत यादव, हीरालाल वर्मा, लव कुमार निषाद गजेंद्र वर्मा, संदीप यादव, पंचराम यादव, तोरण साहू, बाबूलाल वर्मा व समाजजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### चैतन्य देवी झांकी दर्शन का आज पांचवां दिन

**आरंग।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गुढ़ियारी पारा स्थित सेवाकेन्द्र मे चैतन्य झांकी दर्शन के पांचवे दिन पार्षद खुशबू राकेश शर्मा, समोदा नगर पंचायत पार्षद प्रतिनिधि लेखराम साहू, पार्षद देवेन्द्र साहू, पार्षद शोभा राम साहू व पूर्व सरपंच शिवलाल साहू, आशीष साहू द्वारा दीप प्रज्वलीत किया गया। पार्षद खुशबू राकेश शर्मा ने कार्यक्रम को देखकर अपना अनुभव साझा किया। पार्षद प्रतिनिधि लेखराम साहू ने कहा चैतन्य झाँकी दर्शन कर मन में बहुत ही शांति अनुभव हुआ। बीके लता दीदी ने बताया की 01 से 07 अक्टूबर तक राजयोग शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसका समय सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक व शाम 7 बजे से 8 बजे तक है। उन्होंने सभी से इस निःशुल्क शिविर मे शामिल होकर लाभ प्राप्त करने की अपील की।

### संस्कृति महोत्सव में खोरपा की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अभनपुर।** बिलासपुर कोनी में आयोजित प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर खोरपा की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। रंगोली प्रतियोगिता में बहन रागिनी पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बहनें युक्ति साहू, ललिता देवांगन और देविका साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय परिवार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की हैं।

### नहर में डूबने से 13 वर्षीय बालक की मौत



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के वार्ड क्रमांक 18 शिक्षक कॉलोनी निवासी सुरेश देवांगन पिता दीपक देवांगन उम्र 13 वर्ष अपने अन्य तीन दोस्तों के साथ नहर में नहाने गए थे। सोमवार सुबह लगभग 10:30 बजे सभी चारों बालक नहर नहाने गए जहां पर सुरेश देवांगन नहर में नहाने के लिए कूदा उसके बाद उसका कहीं पता नहीं चल पाया, उनके साथ गए तीन और छोटे-छोटे बच्चे जो कि उनकी उम्र भी 9 से 10 वर्ष बताई गई है। वह काफी डर गए और डर से अपने-अपने घर आ गए और घटना की जानकारी किसी को नहीं दिए ।

शाम तक जब बालक अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजन काफी परेशान हो गए और दी शाम थाना में सूचना दिए। देर शाम मृतक बालक सुरेश देवांगन के साथ गए हुए छोटे-छोटे अन्य तीन बच्चों भी से भी पुलिस ने पूछताछ की तो बच्चों ने घटना की जानकारी दी, व नहर किनारे मृतक बच्चे के कपड़े बरामद किए गए,इसके बाद रात से ही नहर में खोजबीन की जा रही थी लेकिन रात के अंधेरे में पता नहीं चल पाया था। वहीं मंगलवार सुबह लगभग 9:00 बजे तिल्दा के आगे परसदा मार्ग के पहले नहर में उक्त बालक का तैरता हुआ शव बरामद किया गया। नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच कर रही है।

### मोखला में आज गरिमा स्वर्णा दिवाकर की रंगारंग प्रस्तुति

**आरंग।** ग्राम मोखला के क्रिकेट मैदान में वॉकी-टॉकी न्यूज़ एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में नवमी के शुभ अवसर में 1 अक्टूबर की रात 10 बजे अंजोर कला मंच की गरिमा, स्वर्णा दिवाकर व उनके समूह की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

## 25 सीटों के लिए प्रदेशभर से कुल 105 प्रत्याशी मैदान पर

# स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए रायपुर कोर्ट में 50 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े

### जिला कोर्ट परिसर बना मतदान केंद्र

स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए जिला कोर्ट परिसर को मतदान केंद्र बनाया गया था। चुनाव की तरह मतदान केंद्र में मतदान दलों ने शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराया। करीब 11 साल के बाद हो रहे चुनाव को लेकर वकीलों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस चुनाव में रायपुर से खड़े प्रत्याशी परिसर के बाहर अपने साथी वोटरों से अपने पक्ष में मत डालने के लिए अपील करते रहे। इधर मतदान केंद्र में भी सुरक्षा को लेकर पूख्ता इंतजाम किया गया था। बैलेट पेपर से वोटिंग हुई। वोटिंग खत्म होने के बाद सभी बैलेट पेपरों को पेटी में सीलबंद किया। इस सीलबंद पेटी को कल बिलासपुर के लिए रवाना किया जाएगा।



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्टेट बार काउंसिल के सदस्यों को चुनने के लिए हुए चुनाव में मंगलवार को जिला सत्र न्यायालय परिसर रायपुर में भी वकीलों में जमकर उत्साह देखने को मिला। सुबह 10.30 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक हुई वोटिंग में 1866 वकीलों ने अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के मत नंबरों पर मुहर लगाकर वोट किया। इस तरह रायपुर में वोटिंग का प्रतिशत 50 प्रतिशत से अधिक रहा। 25 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में प्रदेशभर से कुल 105 प्रत्याशी मैदान पर हैं। इनमें रायपुर जिले से 16 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### 5 साल का होगा काउंसिल का कार्यकाल

*ज्ञात हो कि काउंसिल के 25 सदस्यों का चुनाव होगा। इन 25 सदस्यों में से एक बार काउंसिल ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व करेगा। यही 25 सदस्य मिलकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष व बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य का चुनाव करेंगे। बाकी सदस्यों को नए वकीलों का रजिस्ट्रेशन करने वाली इनरोलमेंट कमेटी, रूल मैकिंग कमेटी, वेलफेयर कमेटी, एक्जीक्यूटिव कमेटी समेत लगभग 8 कमेटियों में शामिल किया जाएगा। काउंसिल का कार्यकाल 5 साल का होगा। इसके बावजूद ढाई साल में काउंसिल के मेंबर चाहें तो पदाधिकारी बदल सकते हैं या यथावत रख सकते हैं।*

### जिले से ये प्रत्याशी चुनाव में खड़े

विवेकानंद भोई, बृजेश पांडेय, अजय जोशी, आदित्य कुमार झा, फैजल रिजवी, अब्दुल मुईज, दिलीप क्षत्रे, देवाशीष ठाकुर, सौरभ मिश्रा, दीवाकर सिन्हा, ओसराम साहू, राकेश त्रिपाठी, संजय गजवी, भंजन जांगड़े, आशुतोष दुबे, विराट वर्मा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### कुल 68 प्रतिशत वोटिंग

स्टेट बार काउंसिल के चुनाव के लिए प्रदेश के हर जिले के जिला एवं सत्र न्यायालयों में मतदान केंद्र बनाए गए थे। एक मतपत्र में ही सभी उम्मीदवारों के नाम रखे गए थे। मतलब कि किस उम्मीदवार को 1 से 25 तक कौन से नंबर पर रख रहे हैं इसमें चुनाव करना था। अधिकतम रेटिंग वाले ही काउंसिल के 6 साल के बाद वकीलों ने मतदान किया। चुनाव में कुल करीब 68 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसमें कुल 23 हजार मतदाताओं में से लगभग 16 हजार मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया।

### मतगणना दशहरे के बाद

बताया जा रहा है कि मतगणना दशहरा के बाद शुरू होगी। इस दौरान सभी जिलों से सीलबंद मतपत्रों की पेटियां कड़ी सुरक्षा के बीच बिलासपुर लाई जाएंगी। मतगणना बिलासपुर में ही होगा। मतगणना के परिणाम के लिए अभी तारीख तय नहीं की गई है। इसके लिए बाद में तारीख तय की जाएगी।

# नवरात्रि पर 'धेनु भगत' का आयोजन, उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

- मां मावली माता मंदिर में निकाली गई धेनु भगत

शारदीय नवरात्रि पर्व पर पुरानी बस्ती तिल्दा वार्ड 19 स्थित मां मावली माता मंदिर में सप्तमी पर्व पर रात्रि में धेनु भगत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए, बता दें नवरात्रि पर्व पर यह आयोजन यहां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहता है। तिल्दा बस्ती के हनुमान मंदिर के पास से यह धेनु भगत निकाला जाता है जो पूरा बस्ती का भ्रमण करते हुए मां मावली माता मंदिर पहुंचती है, इस बीच दो लोगों को पूरी तरह से नीम के पत्ते पर ढक कर धेनु बखत बनाया जाता है और मावली माता सेवा जस गीत समिति द्वारा माता सेवा जस गीत के साथ मां मावली माता मंदिर भक्ति में वातावरण में ले जाया जाता है, जहां मां मावली माता मंदिर में भी देर रात तक धेनु भगत का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जहां पर भारी संख्या में लोग उपस्थित होते हैं और धेनु भगत कार्यक्रम में शामिल होते हैं,वहीं इस नवरात्रि पर्व पर धेनु भगत कार्यक्रम में बच्ची, युवतियां एवं महिलाओं को जिन्हें धेनु भगत कार्यक्रम के बाद में शांत कराया गया, वहीं भारी संख्या में श्रद्धालु नगरीकरण महिलाएं पुरुष, बुजुर्ग, युवा युवतियां व बच्चे भारी संख्या में उपस्थित हुए।

# तालाब में अज्ञात युवक का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी



**तिल्दा नेवरा।** मंगलवार को एक अज्ञात पुरूष उम्र करीब 30-35 वर्ष का शव वार्ड क्र0 07 नेवरा के पैठू तालाब के पानी में उफला हुआ दिखाई देने की सूचना पर मर्ग पंचनामा कार्यवाही में लिया गया है।

मृतक का हुलिया साधारण बदन, चेहरा लम्बा चपटानुमा, लम्बा मूंछ रखा हुआ, सिर के बाल काले लम्बे, बदन में हाफ शर्ट, काले रंग का जींस फुलपेंट पहना है। सीने में गोदना से अंग्रेजी में के.बी. लिखा है, हाथ की हथेली में गोदना से ओम तथा कलाई में सुरेश कुमार लिखा है। मृतक अज्ञात पुरूष का पता नही चल पाया है। पता चलने पर थाना तिल्दा नेवरा में सूचना देने की अपील की गई है।

## तहसील साहू संघ का निर्विरोध चुनाव



**आरंग।** छत्तीसगढ़ साहू संघ के तर्ज पर तहसील साहू संघ आरंग का निर्विरोध निर्वाचन आरंग साहू छात्रवास में सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी पदाधिकारियों का आपसी सामंजस्य बनाकर पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। जिसमें फागूलाल साहू तहसील अध्यक्ष चपरीद, बलीराम साहू तहसील उपाध्यक्ष फूडहर, हिना साहू तहसील महिला उपाध्यक्ष अमोदी, जीतूरानी तहसील संगठन सचिव कोटनी, संतोष साहू तहसील संगठन सचिव डोमा बने। निर्वाचन अधिकारी तोषण लाल साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष साहू, भेखराम साहू, चंद्रशेखर साहू, हीरामन साहू, अवध साहू, लखन साहू, चुनाव प्रभारी दूजेराम साहू, जिलाध्यक्ष देवनाथ साहू, खुलेश साहू, भीष्म साहू, आशीष साहू, भोला राम, देवकुमार, गिरी साहू, चंद्रशेखर साहू, राजेश साहू, अविनाश साहू ने पदाधिकारियों को बधाई दी।

# कल धूमधाम से मनाया जाएगा विजयादशमी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

- अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा

बरसों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस बार भी नगर पालिका परिषद द्वारा विजयादशमी पर्व 02 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार नगर पालिका द्वारा 30 फीट का रावण तैयार किया जा रहा है। नगर पालिक परिषद आरंग द्वारा बरसों से हाई स्कूल मैदान में सार्वजनिक दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें शहर और आसपास के गाँव के लोग रावण दहन और आतिशबाजी को देखने पहुंचते है। विजयादशमी पर्व के अवसर पर इस बार भी नगर पालिका द्वारा खास तैयारी की जा रही है। आयोजन की तैयारी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन दशहरा मैदान पहुच कर तैयारियो का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दशहरा उत्सव को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपा जा चुका है। दशहरा मैदान की साफ सफाई के साथ विद्युत व्यस्था को चाक चौबंद किया जा रहा है। विजयदशमी पर्व के अवसर पर मंचीय कार्यक्रम भी कराया जायेगा। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री के कार्यलय प्रभारी राकेश शर्मा, इंजीनियर हरीश मांझी, केशनाथ साहू, सतीश साहू, नरेंद्र लल्ला साहनी सहित नगर पालिका के स्टाफ़ एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# राइस मिल एसोसिएशन की बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

- प्रदेश के सभी जिलों को प्रतिनिधित्व देते हुए छग राइस मिल एसोसिएशन का गठन



रायपुर जिला राइस मिल एसोसिएशन द्वारा जिले के राइस मिलरों का सम्मेलन बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा, प्रदेश महामंत्री विष्णु बिंदल, प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, वरिष्ठों सहित प्रदेश और जिला के समन्वयकों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा ने बहूप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी, सहित प्रदेश के जिला अध्यक्षयों और महामंत्रियों की घोषणा जिला रायपुर कार्यक्रम में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा ने कहा कि प्रदेश के राइस मिलरों की हर समस्या निराकृत करने और मांगों को पूर्ण करने प्रदेश संगठन संकल्पित हैं, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, छत्तीसगढ़ क्रेड़ा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश के राइस मिलरों की मिलिंग राशि भुगतान सहित अनेक समस्याओं का निराकरण हुआ, प्रदेश सरकार राइस मिलर की मांग और समस्याओं के निराकरण को लेकर चिंतित रहती हैं, समय-समय पर प्रदेश संगठन और समन्वय समिति के माध्यम से कस्टम मिलिंग और धान के निराकरण को लेकर बहुत कल्याणकारी निर्णय लिए गए। कस्टम मिलिंग राशि भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के गठन में लगभग प्रदेश के सभी जिलों को प्रतिनिधित्व दिया गया, जिसमें रायपुर जिले से प्रदेश पदाधिकारी के रूप में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रायपुर संभाग प्रभारी विजय गोयल (राजिम), वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष टिकेश्वर सोनू मनहरे (खरोरा), प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश जैन (रायपुर), प्रदेश मंत्री राम पंजवानी (तिल्दा-नेवरा), प्रदेश प्रवक्ता विकास शर्मा विक्की (रायपुर), प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा (तिल्दा-नेवरा), प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश अग्रवाल (खरोरा) की घोषणा की गई।

## पेज 09 के शेष...

### चार महीने का रेनी सीजन खत्म मानसून जुलाई...

अगस्त में भी ठीक-ठाक पानी गिरने की वजह से जल संकट वाली स्थिति नहीं बनी।
सितंबर में भी मानसून की दमदार उपस्थिति नजर और 30 सितंबर तक प्रदेश में औसत 1142.1 मिमी. की तुलना में 1167 मिमी. यानी सामान्य से 3 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि रेनी सीजन समाप्त होने के बाद एक अक्टूबर से दर्ज किए जाने वाले आंकड़े पोस्ट मानसून की श्रेणी में शामिल होंगे। राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून की मौजूदगी अभी बनी हुई है और इसकी विदाई अक्टूबर के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह में होने की उम्मीद है।

<B>00 ऐसे बरसे बादल

| माह | जून | जुलाई | अगस्त | सितंबर | कुल वर्षा<B> |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रदेश | 151 | 478 | 279 | 259 | 1167 मिमी. |
| रायपुर | 119 | 453 | 297 | 270 | 1020 मिमी. |

### रात 11.30 के बाद ग्राहकों...


हुए उनका लाइसेंस 3 दिन के लिए निलंबित किया है। इस कार्रवाई के दूसरे दिन कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में प्रशासन ने लाइसेंसधारी सभी होटल बार, पब एवं क्लब संचालकों की बैठक ली। इस बैठक में एसएसपी लाल उम्मेद सिंह, एडीएम उमाशंकर बंदे सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बैठक में कलेक्टर ने कड़े शब्दों में संचालकों को कहा कि आबकारी अधिनियम के तहत जो नियम बनाए गए हैं, उन नियमों के अनुसार वे सभी बार, पब एवं क्लब का संचालन करें। ऐसा नहीं करने पर लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

तालाब में अधेड़ की लाश तैरती मिली, दो दिन...
हालांकि आशंका यह भी जताई जा रही है कि नशे की हालत में वह तालाब में गिर गया होगा, जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई।

### पत्नी व बच्चों के साथ रहता...

कुछ वर्षों से सड्ढ में रह रहा था। पुलिस के अनुसार मृतक के परिजनों ने बताया कि वह बेरोजगार था तथा नशा का आदी था। दिनभर वह घूमता रहता था। दो दिन से वह घर भी नहीं लौटा था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक को तालाब में डूबे दो दिन हो चुके हैं। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। इसे देखते हुए पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या मान रही है। मामले में मर्ग कायम कर इसे जांच में लिया है।

# भूरा माहो और माइट कीड़े ने फसलों को किया बर्बाद, किसान बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

इस वर्ष खेती किसानी किसानों के लिए लगातार नुकसानदायक साबित हो रही है। बोनी का समय अनुकूल न होने के कारण किसानों ने जैसे-तैसे पौधा तैयार किया, लेकिन भूरा माहो और माइट कीड़ा के प्रकोप ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। किसानों ने बताया कि उन्हें फसलों में दो से तीन बार महंगी दवाइयां डालनी पड़ रही हैं।हालांकि कई वस्तुओं में जीएसटी कम किया गया है, परंतु रासायनिक दवाईयों में किसानों को किसी प्रकार की राहत नहीं मिली।

तेज बारिश के कारण धान के पौधे गिरकर पानी में डूब रहे हैं, जिससे किसानों को और हानि हो रही है।किसानों का कहना है कि उनकी मदद के लिए न तो स्थानीय अधिकारी पहुंच रहे हैं और न ही प्रधानमंत्री फसल बीमा कंपनी के कर्मचारी।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा हेमलाल घृतलहरे पिता श्री गिरधरलाल घृतलहरे, निवासी ग्राम परसदा, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. के भूमि स्वामी हक में दर्ज भूमि ग्राम परसदा, प.ह.न. 25, रा.नि.म. पलौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. क्रमांक 1265/2, 1265/3 रकबा क्रमशः 0.2200 हे., 0.0600 हे. कुल रकबा 0.2800 हे. को मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि का भुगतान कर दिया है तथा शेष राशि विक्रय पंजीयन के समय विक्रेता को उप पंजीयक कार्यालय में चेक/आनलॉईन के माध्यम से भुगतान किया जायेगा

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेंवे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा ।

दिनांक -01/10/2025
स्थान- अभनपुर

सुरेश कोसरे (अधिवक्ता)
पता-शॉप नं. 23, कामर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर 29, नया रायपुर अटल नगर जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 79878 65054

**न्यायालय नायब तहसीलदार, अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**
**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. 202509112100008 अ-06 वर्ष 2024-25
खण्डवा प.ह.नं. 18 तहसील अभनपुर जिला रायपुर।
क्रमांक/ / वाचक-2/ना.तह./2025
अभनपुर, दिनांक 29/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कैलाश सतनामी पिता लखन लाल सतनामी एवं 03 अन्य निवासी गोबरा नवापारा द्वारा फौती नामांतरण करने बाबत आवेदन पेश किया है कि ग्राम खण्डवा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 384 रकबा 0.16 हे. भूमि आवेदक क्र. 01 के बुआ, आवेदिका क्र. 02 के बुआ सास एवं आवेदक क्र. 03, 04 के बुआ दादी हठियारीन पिता दर्शन के नाम पर दर्ज है। खातेदार हठियारिन पिता दर्शन की दिनांक 05/12/2015 को अविवाहित मृत्यु हो चुकी है। आवेदिकागण द्वारा मृतिका को अपने पास रखकर भरण–पोषण, देख-रेख, स्वास्थ्य संबंधी ईलाज के साथ-साथ मृत्यु पश्चात गत-गंगा का कार्यक्रम किया गया है। मृतिका हठियारिन पिता दर्शन के वारिसानों में एक भाई लखनलाल है, जिसकी दिनांक 25/07/1998 को फौत हो चुका है, जिसके वारिसानों में आवेदकगण है। जिसके कारण खातेदार की निःसंतन मृत्यु हो ने से आवेदकगण विधिक वारिसानों होने के नाते अपना नाम फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 13/10/2025 को इस न्यायालय मे नियत है।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है. बाद मे आये दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है ।

मुहर
नायब तहसीलदार, अभनपुर

**खबर संक्षेप**

## बरौदा में सुवा के बोली जस झांकी कार्यक्रम आज



रायपुर। श्रद्धा सुमन नवदुर्गा पूजा समिति की ओर से ग्राम बरौदा में 1 अक्टूबर को सुवा के बोली जस झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान भंडारा कार्यक्रम भी रखा गया है। यह जानकारी समिति के सदस्य संदीप यादव देते हुए बताया कि मंगलवार को भण्डारा कार्यक्रम रखा गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बुधवार को जस झांकी सुवा के बोली, रानीसागर गुल्लू का कार्यक्रम रात्रि 7 बजे से श्रद्धासुमन नव दुर्गा पूजा समिति मंच बजरंग पारा बरौदा में आयोजित है। इस कार्यक्रम में श्रद्धालु सपरिवार शामिल होकर आनंद उठा सकते हैं।

## सिख महिला विंग ने किया मंत्रिप्त का सम्मान



रायपुर। सिख समाज महिला विंग छत्तीसगढ़ ने मंगलवार को राष्ट्रपति रोवर रेंजर अवार्ड प्राप्त मंत्रिप्त कौर संधू का सम्मान किया। इस अवसर पर महिला विंग संयोजक रीना टुटेजा, अध्यक्ष अन्नू होरा, सुरेंद्र कौर छाबड़ा, सुरेंद्र कौर चावला, सोमा कौर छाबड़ा तथा अन्य महिला विंग पदाधिकारी उपस्थित थीं।

## कालीमाता मंदिर परिसर में लगा होम्योपैथिक शिविर



रायपुर। मां काली मंदिर ट्रस्ट आकाशवाणी चौक और रायपुर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय रामकुंड द्वारा विगत दिनों निशुल्क विशाल होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में सभी प्रकार के रोगों का निशुल्क निदान एवं उपचार होमियोपैथिक विशेषज्ञों द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप मुकुंद ने बताया कि शिविर में कालीमाता मंदिर के ट्रस्ट के सचिव डीके दुबे, उपप्राचार्य डॉ. निर्मल भोई, आरएमओ एवं शिविर प्रभारी डॉ. योगेश श्रीवास्तव, डॉ. पद्मश्री बक्शी, डॉ. पंकज कटारिया, डॉ. ज्योति पांडा एवं इंटरनिंग छाया सिन्हा, यशिका गुप्ता, शशांक गुप्ता के अलावा छात्र अंकित यादव, मिथिलेश यादव, प्राची महोबिया, रुचिता कश्यप, लक्ष्मी निषाद आदि ने सेवाएं दीं।

## मारवाड़ी सम्मेलन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा

रायपुर। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन का 28वां अधिवेशन 6-7 सितंबर को दिल्ली में संपन्न हुआ। जहां पवन कुमार गोयनका को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। इस संबंध में अमर बंसल, जीजी अग्रवाल ने बताया कि अध्यक्ष के अलावा अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई, जिसमें राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, कोलकाता से गिरधारी लाल गोयनका विशिष्ट संरक्षक, कर्नाटक से डॉ. सुभाष अग्रवाल संस्थापक अध्यक्ष, बिहार के पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष बिनोद तोदी, दिल्ली के पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया, गुजरात के निवर्तमान प्रादेशिक अध्यक्ष गोकुलचंद बजाज को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य पवन कुमार जालान, विशिष्ट संरक्षक सदस्य पवन कुमार बंसल को राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, अनिल कुमार मालावत को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, असम से बसंत कुमार सुराना को राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनाया गया।

# दशमी तिथि संध्या 7 बजे से, उदया तिथि के आधार पर रवि योग व श्रवण नक्षत्र में दहन कल

**अलग खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दशमी तिथि आज शाम 7 बजकर दो मिनट से प्रारंभ हो जाएगी। लेकिन उदया तिथि के आधार पर रावण दहन गुरुवार को किया जाएगा। पंचांग के अनुसार, दशमी तिथि का प्रारंभ 1 अक्टूबर बुधवार को सायंकाल 7:02 बजे होगा और दशमी तिथि की समाप्ति 2 अक्टूबर गुरुवार को सायंकाल 7:10 बजे होगी। इसीलिए विजयादशमी का पर्व 2 अक्टूबर गुरुवार को मनाया जाएगा। विजय मुहूर्त गुरुवार को दोपहर 1:56 बजे से दोपहर 2:44 बजे तक रहेगा। वहीं अपराह्न पूजा मुहूर्त- 2 अक्टूबर दोपहर 1 बजकर 9 मिनट बजे से 3:31 बजे तक होगा। 2 अक्टूबर को दशहरा के दिन रवि योग भी रहेगा। रवि योग दशहरा को पूरे दिन रहेगा। शास्त्रों के अनुसार, रवि योग में किए गए कार्यों सफल होने की उम्मीद अधिक होती है और सारे दोष दूर होते हैं। वहीं श्रवण नक्षत्र 2 अक्टूबर को सुबह 9:14 बजे से प्रारंभ होकर 3 अक्टूबर को सुबह 9:34 बजे पर समाप्त हो रहा है। श्रवण नक्षत्र विजयादशमी के दिन बहुत शुभ माना जाता है, क्योंकि दशमी तिथि और श्रवण नक्षत्र के योग से ही दशहरा मनाए जाने की परंपरा है। दशमी तिथि और श्रवण नक्षत्र का एक साथ होना विजयादशमी के पर्व को अत्यंत शुभ और कल्याणकारी बनाता है। यह संयोग ही दशहरा मनाने का शास्त्रीय आधार है।

## विष्णु के प्रिय नक्षत्र में होगा रावण दहन, इस बार विजयादशमी में ना पंचक और ना भद्रा

### सुकर्म व धृति योग

पूरे दिन रवि योग रहने के साथ ही 2 अक्टूबर को रात्रि 12:35 बजे से 11:29 बजे तक (2 अक्टूबर) सुकर्म योग रहेगा और इसके बाद धृति योग लग जाएगा। ये तीनों योग हर शुभ कार्य और पूजा के लिए अत्यंत लाभकारी माने जाते हैं। सुकर्म योग अच्छे कर्मों का योग है। इस समय किए गए प्रयास शुभ और कल्याणकारी होते हैं। पूजा, अनुष्ठान, शिक्षा या व्यापार संबंधी कार्य विशेष रूप से सफलता दिलाते हैं। यह योग जीवन में स्थिरता और प्रगति लाता है। वहीं धृति योग धैर्य और स्थिरता का प्रतीक है। इस समय लिए गए निर्णय सही दिशा देते हैं और कार्य लंबे समय तक टिकाऊ होते हैं। पारिवारिक कार्य और नई योजनाओं की शुरुआत के लिए यह योग श्रेष्ठ है।



### मनाही नहीं

उत्तराषाढ़ा नक्षत्र को दृढ़ संकल्प और विजय का प्रतीक माना जाता है। यह भी दिन के कुछ समय रहेगा। इसमें आरंभ किए गए कार्य धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से सफलता देते हैं। वहीं श्रवण नक्षत्र ज्ञान, भक्ति और संस्कारों से जुड़ा है। इसमें पूजा, शिक्षा और व्रत करना अत्यंत शुभ होता है और इसे भगवान विष्णु का प्रिय नक्षत्र माना जाता है। इस बार दशहरा में पंचक या भद्रा का साया नहीं है। इस कारण दिन के किसी खास वक्त पूजन करने की मनाही जैसी स्थिति नहीं रहेगी। हालांकि मुहूर्त में पूजन करना अधिक फलदायी होगा।

25 सीटों के लिए प्रदेशभर से कुल 105 प्रत्याशी मैदान पर

# स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए रायपुर कोर्ट में 50 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े

### जिला कोर्ट परिसर बना मतदान केंद्र

स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए जिला कोर्ट परिसर को मतदान केंद्र बनाया गया था। चुनाव की तरह मतदान केंद्र में मतदान दलों ने शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराया। करीब 11 साल के बाद हो रहे चुनाव को लेकर वकीलों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस चुनाव में रायपुर से खड़े प्रत्याशी परिसर के बाहर अपने साथी वोटरों से अपने पक्ष में मत डालने के लिए अपील करते रहे। इधर मतदान केंद्र में भी सुरक्षा को लेकर पूख्ता इंतजाम किया गया था। बैलेट पेपर से वोटिंग हुई। वोटिंग खत्म होने के बाद सभी बैलेट पेपरों को पेटी में सीलबंद किया। इस सीलबंद पेटी को कल बिलासपुर के लिए रवाना किया जाएगा।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टेट बार काउंसिल के सदस्यों को चुनने के लिए हुए चुनाव में मंगलवार को जिला सत्र न्यायालय परिसर रायपुर में भी वकीलों में जमकर उत्साह देखने को मिला। सुबह 10.30 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक हुई वोटिंग में 1866 वकीलों ने अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के मत नंबरों पर मुहर लगाकर वोट किया। इस तरह रायपुर में वोटिंग का प्रतिशत 50 प्रतिशत से अधिक रहा। 25 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में प्रदेशभर से कुल 105 प्रत्याशी मैदान पर हैं। इनमें रायपुर जिले से 16 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### 5 साल का होगा काउंसिल का कार्यकाल

*ज्ञात हो कि काउंसिल के 25 सदस्यों का चुनाव होगा। इन 25 सदस्यों में से एक बार काउंसिल ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व करेगा। यही 25 सदस्य मिलकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष व बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य का चुनाव करेंगे। बाकी सदस्यों को नए वकीलों का रजिस्ट्रेशन करने वाली इनरोलमेंट कमेटी, रूल मैकिंग कमेटी, वेलफेयर कमेटी, एक्जीक्यूटिव कमेटी समेत लगभग 8 कमेटियों में शामिल किया जाएगा। काउंसिल का कार्यकाल 5 साल का होगा। इसके बावजूद ढाई साल में काउंसिल के मेंबर चाहें तो पदाधिकारी बदल सकते हैं या यथावत रख सकते हैं।*

### जिले से ये प्रत्याशी चुनाव में खड़े

विवेकानंद भोई, बृजेश पांडेय, अजय जोशी, आदित्य कुमार झा, फैजल रिजवी, अब्दुल मुईज, दिलीप क्षत्रे, देवाशीष ठाकुर, सौरभ मिश्रा, दीवाकर सिन्हा, ओसराम साहू, राकेश त्रिपाठी, संजय गजवी, भंजन जांगड़े, आशुतोष दुबे, विराट वर्मा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### कुल 68 प्रतिशत वोटिंग

स्टेट बार काउंसिल के चुनाव के लिए प्रदेश के हर जिले के जिला एवं सत्र न्यायालयों में मतदान केंद्र बनाए गए थे। एक मतपत्र में ही सभी उम्मीदवारों के नाम रखे गए थे। मतलब कि किस उम्मीदवार को 1 से 25 तक कौन से नंबर पर रख रहे हैं इसमें चुनाव करना था। अधिकतम रेटिंग वाले ही काउंसिल के 6 साल के बाद वकीलों ने मतदान किया। चुनाव में कुल करीब 68 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसमें कुल 23 हजार मतदाताओं में से लगभग 16 हजार मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया।

### मतगणना दशहरे के बाद

बताया जा रहा है कि मतगणना दशहरा के बाद शुरू होगी। इस दौरान सभी जिलों से सीलबंद मतपत्रों की पेटियां कड़ी सुरक्षा के बीच बिलासपुर लाई जाएंगी। मतगणना बिलासपुर में ही होगा। मतगणना के परिणाम के लिए अभी तारीख तय नहीं की गई है। इसके लिए बाद में तारीख तय की जाएगी।

# नगर निगम ने सफाई मित्रों के लिए लगाया विशेष स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण
- दस जोन में 10 शिविर, निशुल्क दवा, लैब टेस्ट की मिली सुविधा

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से नगर निगम के 10 जोन कार्यालयों व आसपास के क्षेत्रों में नगर निगम ने सफाई मित्रों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण और लैब टेस्ट किया गया। शिविर में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच के बाद निःशुल्क दवा दी गई।

निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सफाई मित्रों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। दस जोन में 10 शिविर लगाकर 654 सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर का संचालन रायपुर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की देखरेख में किया गया।

उनमें साथ एमएमयू की चार सदस्यीय टीम भी मौजूद रही। जिसमें एमबीबीएस डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नर्स शामिल थे। प्रदेश सरकार की पहल पर सफाई मित्रों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयोजित शिविर में 180 सफाई मित्रों का लैब टेस्ट किया गया, साथ ही 500 से ज्यादा सफाई मित्रों को निःशुल्क दवा दी गई।


# एमबीबीएस-बीडीएस काउंसिलिंग का दूसरा दौर पूरा, आवंटन के बाद 139 ने नहीं लिया एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एमबीबीएस की 693, बीडीएस की 252 सीटों पर प्रवेश पूरा, मॉपअप राउंड 4 से

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मेडिकल और डेंटल के कुल 21 कालेजों में यूजी सीटों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग का दूसरा राउंड पूरा कर लिया है। पंजीयन के बाद कुल 1084 को सीटों का नवीन आवंटन किया गया था। इसमें एमबीबीएस की 693 तथा बीडीएस की 252 सीटों पर एडमिशन लिया गया। रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए मॉपअप राउंड की प्रक्रिया 4 अक्टूबर से शुरू होगी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पहले राउंड में एडमिशन के बाद रिक्त बची सीटों के साथ कुछ समय पहले निजी मेडिकल कालेजों में बढ़ी एमबीबीएस की 2 सौ सीटों को दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल किया था। इसके लिए अभ्यर्थियों को नया आवेदन करने का मौका दिया गया था, साथ ही पुराने विद्यार्थियों को सीट अपग्रेडेशन का मौका दिया गया। आवेदन, संस्था चयन, मेरिट लिस्ट के बाद 1084 लोगों को दोनों पाठ्यक्रम में सीटों का आवंटन किया गया था। स्क्रूटनी और एडमिशन का दौर 25 से



30 सितंबर के बीच पूरा किया गया। मंगलवार को शाम साढ़े चार बजे तक पूरी की गई प्रक्रिया के तहत शासकीय और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की 744 सीटों का आवंटन किया गया था, जिसमें से 51 अभ्यार्थियों ने एडमिशन नहीं लिया और 693 ने प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की है। बीडीएस के लिए 340 सीटों का अलॉटमेंट किया गया। इसमें 88 ने सीटें छोड़ी औरर 252 लोगों ने एडमिशन ले लिया। बाकी सीटों के लिए मॉपअप राउंड की प्रक्रिया 4 अक्टूबर से शुरू की जाएगी। इसके लिए नये आवेदन और च्वाइस फीलिंग 9 अक्टूबर तक पूरा किया जाएगा। अन्य कार्यवाही पूरी करने बाद 14 से 17 अक्टूबर को दस्तावेजों की स्क्रूटनी कर एडमिशन दिया जाएगा।

# इंजीनियरिंग प्रोफेसर भी कर सकेंगे इंडस्ट्री में फेलोशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य करने वाले प्राध्यापक भी अब फेलोशिप प्रोग्राम कर सकेंगे। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन अर्थात एआईसीटीई ने इंडस्ट्री फेलोशिप प्रोग्राम की घोषणा की है। इसके तहत देशभर से 350 फैकल्टी मेंबर्स को उद्योग में काम करने का मौका मिलेगाञ। इस प्रोग्राम को शुरू करने का मकसद है शिक्षण और इंडस्ट्री के बीच के दूरी को मिटाना और प्राध्यापकों को इंडस्ट्री के नए वातावरण से परिचित कराना है ताकि उनका अध्यापन कौशल बेहतर हो सके। एआईसीटीई का मानना है कि इस फेलोशिप प्रोग्राम से फैकल्टी के साथ-साथ छात्रों को भी लाभ मिलेगा। यदि प्राध्यापक इस फेलोशिप का लाभ लेना चाहते हैं तो वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे।

### नवंबर में होगी चयन प्रक्रिया

*आवेदन प्रक्रिया के बाद सेलेक्शन की प्रक्रिया शुरू होगी। यह चयन प्रक्रिया 1 नवंबर से 15 नवंबर तक चलेगी। सेलेक्ट हुए उम्मीदवारों की लिस्ट इसके बाद जारी की जाएगी और प्रोग्राम की शुरुआत 1 दिसंबर से होगी। इस फेलोशिप के लिए वो ही उम्मीदवार अप्लाई कर सकते हैं जिनकी उम्र 45 वर्ष से कम हो। इसके साथ ही कैंडिडेट के पास एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों में कम से कम पांच साल का शिक्षण अनुभव होना चाहिए। इसके अलावा प्राध्यापक जिस शैक्षणिक संस्थान में कार्यरत हैं, वहां का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी आवश्यक है।*

# सीलबंदी के दूसरे ही दिन बकायादारों ने निगम को 80 लाख का किया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 8 व्यावसायिक परिसरों को एक दिन पहले किया सीलबंद
- जोन 10 कमिश्नरी की सीलबंदी का असर

निगम प्रशासन बकाया राजस्व वसूली को लेकर अब एलर्ट मोड में है। दस जोन के माध्यम से बड़े बकायादारों को सूचीबद्ध कर उन्हें पहले डिमांड नोटिस भेजा जा रहा है, अंतिम सूचना के बाद भी बकाया राशि भुगतान नहीं करने पर सीलबंदी की कार्रवाई की जा रही है। जोन 10 के राजस्व विभाग ने सोमवार को 3 वार्ड के बड़े बकायादारों के 8 व्यावसायिक परिसरों को बकाया राशि भुगतान नहीं करने पर सीलबंद किया। इसके दूसरे ही दिन बड़े बकायादारों ने 80 लाख रुपये निगम को अदा कर दिया।

नगर निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 10 जोनों के 70 वार्डो में बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बड़े बकायादारों को सूचीबद्ध कर बकाया राशि भुगतान के लिए पहले डिमांड नोटिस फिर अंतिम सूचना दी जा रही है। इसके बाद भी बकाया राशि भुगतान नहीं किये जाने पर सीलबंदी की कार्रवाई का प्रावधान है।

जोन 10 के राजस्व विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर विवेकानद दुबे के नेतृत्व और जोन सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू, राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र सोनी की उपस्थिति में सोमवार को अंतिम सूचना के बाद भी बकाया कर भुगतान नहीं करने वाले 8 व्यावसायिक परिसरों को सीलबंद किया। इन पर 35 लाख 91 हजार रुपये बकाया राशि देय थी। सीलबंदी के दौरान 3 बड़े बकायादारों ने जोन 10 की टीम को 1.80 लाख की बकाया राशि का भुगतान कर दिया। मंगलवार को सीलबंदी के दूसरे दिन संबंधित बड़े बकायेदारो ने 80,59,508 रुपये की बकाया राशि का जोन 10 के राजस्व विभाग को भुगतान कर दिया है।



### 100 बड़े बकायादार चिन्हांकित, 10 दिन में तालाबंदी का टारगेट

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम जोन 10 कमिश्नरी ने जोन क्षेत्र के 100 बड़े बकायादारों की सूची बनाई है, जिन्होंने तीन नोटिस के बाद भी बकाया राशि का भुगतान निगम को नहीं किया है। इन पर करीब 5 करोड़ की बकाया राशि देय है। आने वाले दस दिनों में जोन 10 का राजस्व विभाग 100 बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली में कड़ाई बरतते हुए तालाबंदी की कार्रवाई कर सकता है।

## पेज 9 के शेष

### चार महीने का...

अगस्त में भी ठीक-ठाक पानी गिरने की वजह से जल संकट वाली स्थिति नहीं बनी। सितंबर में भी मानसून की दमदार उपस्थिति नजर और 30 सितंबर तक प्रदेश में औसत 1142.1 मिमी. की तुलना में 1167 मिमी. यानी सामान्य से 3 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि रेनी सीजन समाप्त होने के बाद एक अक्टूबर से दर्ज किए जाने वाले आंकड़े पोस्ट मानसून की श्रेणी में शामिल होंगे। राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून की मौजूदगी अभी बनी हुई है और इसकी विदाई अक्टूबर के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह में होने की उम्मीद है।

**ऐसे बरसे बादल**

| माह | जून | जुलाई | अगस्त | सितंबर | कुल वर्षा |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रदेश मिमी. | 151 | 478 | 279 | 259 | 1167 |
| रायपुर मिमी. | 119 | 453 | 297 | 270 | 1020 |

### रात 11.30 के ...

हुए उनका लाइसेंस 3 दिन के लिए निलंबित किया है। इस कार्रवाई के दूसरे दिन कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में प्रशासन ने लाइसेंसधारी सभी होटल बार, पब एवं क्लब संचालकों की बैठक ली। इस बैठक में एसएसपी लाल उम्मेद सिंह, एडीएम उमाशंकर बंदे सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बैठक में कलेक्टर ने कड़े शब्दों में संचालकों को कहा कि आबकारी अधिनियम के तहत जो नियम बनाए गए हैं, उन नियमों के अनुसार वे सभी बार, पब एवं क्लब का संचालन करें। ऐसा नहीं करने पर लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

### तालाब में अधेड़ ...

हालांकि आशंका यह भी जताई जा रही है कि नशे की हालत में वह तालाब में गिर गया होगा, जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई।

### पत्नी व बच्चों ...

कुछ वर्षों से सड्डू में रह रहा था। पुलिस के अनुसार मृतक के परिजनों ने बताया कि वह बेरोजगार था तथा नशा का आदी था। दिनभर वह घूमता रहता था। दो दिन से वह घर भी नहीं लौटा था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक को तालाब में डूबे दो दिन हो चुके हैं। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। इसे देखते हुए पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या मान रही है। मामले में मर्ग कायम कर इसे जांच में लिया है।

**केरल की चैंपियनशिप में भाग ले चुका युवक निकला शातिर आरोपी**

# खेल छोड़ पैसे के लालच में बना गांजा तस्कर आरपीएफ ने 16.4 किलो गांजे के साथ दबोचा

रायपुर। रेलवे सुरक्षा बल को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 4 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रे.सु.ब. रमन कुमार के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई। पोस्ट रायपुर के अधिकारियों एवं बल सदस्यों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर के प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब 22:15 बजे की है, जब टीम ने रायपुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, सेलून साइडिंग के पास संदिग्ध स्थिति में एक व्यक्ति को दो बैग लेकर घूमते देखा। तलाशी लेने पर दोनों बैग में कुल 8 बंडल गांजा पाया गया, जिसका कुल वजन 16.4 किलोग्राम था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मिथुन दिग्गल, पिता लजरा दिग्गल, उम्र 26 वर्ष, जिला कंधमाल, बटागुड़ा, ओडिशा बताया। आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे संबंधित धाराओं में गिरफ़्तार कर लिया गय है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### शक न हो इसलिए बॉडी बिल्डर जैसा बनाया लुक

अपराधी का तरीका बेहद शातिर था। आरोपी ने आर्मी कलर की कैप, आकर्षक कपड़े पहनकर और बॉडी बिल्डर जैसे बॉडी मूवमेंट से खुद को एक खिलाड़ी के रूप में पेश किया, जिससे किसी को शक न हो। उसने दो नए स्पोर्ट्स बैग खरीदे, जो आमतौर पर खिलाड़ी उपयोग करते हैं, और उसी अंदाज में खुद को प्रस्तुत करता रहा। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले केरल में आयोजित राज्यस्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भाग ले चुका है। उसे खेल क्षेत्र का अनुभव है, लेकिन तेजी से पैसा कमाने के लालच में उसने अपराध का रास्ता चुना और गांजा तस्करी में शामिल हो गया।



### प्रयागराज ले जाने की थी तैयारी

आरपीएफ द्वारा पकड़े गए गांजा तस्कर ने पूछताछ में बताया कि वह गांजे को बस के माध्यम से ओडिशा के कंधमाल, बटागुड़ा से लेकर रायपुर आया था। उसकी योजना प्रयागरा, उत्तर प्रदेश ले जाने की थी, जिसके लिए उसने जनरल कोच का टिकट भी ले लिया था और किसी भी ट्रेन से वहां रवाना होने की फिराक में था। आरपीएफ द्वारा पकड़े जाने के बाद आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए गांजा जब्त कर लिया। आरोपी को विशेष एनडीपीएस न्यायालय, रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां आगे की वैधानिक प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर की भूमिका सराहनीय रही।

# हर साल रायपुर में इंटरनेशनल मैच कराना प्राथमिकता, अंडर-19 और छग क्रिकेट के इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में संयुक्त सचिव नियुक्त होने के बाद प्रभतेज सिंह भाटिया पहली बार राजधानी रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाग लिया और कई अहम बातों को साझा किया। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उनकी प्राथमिकता छत्तीसगढ़ में क्रिकेट को हर स्तर पर बेहतर करना रहेगा। खासकर जूनियर और विमेंस कैटेगरी में जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, उनके लिए और भी बेहतर माहौल तैयार किया जाएगा। भाटिया ने कहा, पिछले कार्यकाल में बहुत कुछ सीखने को मिला और अब इस नई भूमिका से और भी अनुभव मिलेगा।

छत्तीसगढ़ को बीसीसीआई में प्रतिनिधित्व का मौका मिला है, यह गौरव की बात है। हमारी कोशिश रहेगी कि रायपुर में हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय मुकाबले आयोजित हों। उन्होंने यह भी कहा कि प्रयास रहेगा कि रायपुर में बीसीसीआई का कैंप लगे, जिससे 60 दिनों तक सेंट्रल जोन की पूरी टीम यहां अभ्यास कर सके। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा, उनका प्रदर्शन निखरेगा और प्रतिभा सीधे बीसीसीआई के स्तर तक पहुंचेगी। प्रेसवार्ता में सीएससीएस के डॉयरेक्टर विजय शाह मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ की वार्षिक बैठक में नई कार्यकारिणी गठित

### टॉफी पर आईसीसीसी ने लिया है एक्शन

एशिया कप में भारत की जीत के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी द्वारा ट्रॉफी न लौटाने के मामले पर संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया ने प्रतिक्रिया दी है। कहा कि आईसीसी को इस मामले की शिकायत की गई है और वह इस पर आवश्यक कार्रवाई करेगा। पाकिस्तान को लेकर कहा कि जब हार गए हो, तो ट्रॉफी छोड़ दो। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत का क्रिकेट पूरी दुनिया में छाया हुआ है।



### नई कार्यकारिणी में रणजी के पूर्व खिलाड़ी को मिला स्थान

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ की वार्षिक आम बैठक मंगलवार को आयोजित की गई, जिसमें संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। इस बार कार्यकारिणी में रणजी ट्रॉफी के पूर्व खिलाड़ी को भी शामिल किया गया है, जिससे अनुभव आधारित नेतृत्व के जरिए राज्य में क्रिकेट विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

### नई कार्यकारिणी

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | वी. मोहनदास |
| उपाध्यक्ष | गुरचरण सिंह माखीजा |
| सचिव | वेंटेश अग्रवाल |
| सह-सचिव | अजय तिवारी |
| कोषाध्यक्ष | सुमित कुमार गुप्ता |

### एपेक्स काउंसिल सदस्य

अखिल कुमार धगट
योगेश विथलानी
मंजीत सिंह सीरे
अनुराग शर्मा
अनूप चड्ढा

### स्टेडियम बीसीसीआई के अधीन आने से होंगे टेस्ट मैच

बीसीसीआई के संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया ने प्रेसवार्ता के दौरान रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को लेकर स्पष्ट किया कि जब तक स्टेडियम बीसीसीआई के अधीन नहीं आता, तब तक रायपुर में टेस्ट मैचों का आयोजन संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रायपुर का स्टेडियम बीसीसीआई के अधीन नहीं है, लेकिन इस दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। सरकार से सकारात्मक सहयोग मिल रहा है और उम्मीद है कि जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। भाटिया ने कहा, जैसे ही स्टेडियम बीसीसीआई के अंतर्गत आएगा, यहां अधिक से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, इंफ्रास्ट्रक्चर को भी बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बारिश के दौरान पानी जमने की समस्या रहती है, जिससे मैच प्रभावित होते हैं। भविष्य की योजना के तहत स्टेडियम को ऐसा बनाया जाएगा कि बारिश के 25 मिनट के भीतर पूरा मैदान सूख जाए, जिससे खेल बाधित न हो।

## खबर संक्षेप




### आनंद वाचनालय में मनाया वृद्धजन दिवस

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित आनंद वाचनालय में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसमें बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर भाग लिया। इसके बाद हेल्पएज इंडिया के स्टेट हेड शुभांकर बिस्वास ने आईडीओपी पर संबोधन प्रस्तुत किया। साथ ही क्विज एवं डम्ब शेराड्स जैसी रोचक गतिविधियां कराई गईं। बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में एमएमपी इंस्टिट्यूट के सीईओ अनूप, आरआईएसयू के कुलपति डॉ. जवाहर सुरीसेट्टी, सेवानिवृत्त आईजी सुशील द्विवेदी, छत्तीसगढ़ आबकारी के अध्यक्ष चंद्रायन दास द्विवेदी, युवा मामले मंत्रालय के उपनिदेशक अर्पित तिवारी आदि शामिल हुए।

## भाठागांव के दशहरा मैदान पर स्थानीय कारीगर की मेहनत रंग लाएगी

# लंकेश का दस शीश और पेट वाला हिस्सा तैयार कुंभकरण- मेघनाथ के पुतले को दे रहे आकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में विजयादशमी पर्व 2 अक्टूबर को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए शहर के डब्लूआरएस कालोनी के दशहरा मैदान, रावणभाठा, चौबे कालोनी, छत्तीसगढ़ नगर के दशहरा मैदान, राजेंद्र नगर, शंकरनगर दशहरा मैदान, रामकुंड रावणदहन स्थल सहित अन्य स्थानों पर आयोजन समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। डब्लूआरएस कालोनी के दशहरा मैदान पर बंगाल से आए कारीगरों की टोली इन दिनों दशानन, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले को आकार-प्रकार देने में जुटी हुई है। यहां 101 फीट ऊंचाई वाले रावण का पुतला तैयार हो रहा है। रावण भाठा में 60 फीट का दशानन के साथ 50 फीट के कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला बनाने का काम जोर शोर से चल रहा है। यहां दशहरा के दिन जबलपुर के आतिशबाज आसमान पर सतरंगी छटा बिखरने मौजूद रहेंगे।

■ डब्लूआरएस के दशहरा मैदान पर बंगाल से आए कारीगर दिन रात पुतला बनाने में जुटे





### डब्लूआरएस मैदान पर लंकेश का ढांचा तैयार

बंगाल से कारीगरों की टोली नेशनल क्लब रायपुर के संयोजन में दशहरा उत्सव समिति डब्लूआरएस कालोनी के दशहरा मैदान पर 101 फीट ऊंचे लंकापति रावण और 81 फीट के कुंभकरण और मेघनाथ का विशाल पुतला तैयार करने में दिन-रात जुटी है। दशहरा के दिन बंगाल के आतिशबाज उत्सव को यादगार बनाने राजधानी में होंगे। मूर्तिकार एम. रवि के साथ उनकी टीम ने दशानन का दस शीश तैयार कर लिया है। साथ ही रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले के सामने वाले हिस्से का ढांचा बनकर तैयार है। 2 अक्टूबर को यहां राजधानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग रावण दहन देखने जुटेंगे।

### रावणभाठा में 60 फीट का रावण, 50 फीट के कुंभकरण मेघनाथ का पुतला

भाठागांव स्थित दशहरा मैदान पर स्थानीय कारीगरों की टोली इन दिनों 60 फीट ऊंचाई वाले दशानन और 50-50 फीट के कुंभकरण, मेघनाथ का पुतला तैयार कर रही है। कार्यक्रम स्थल को समतलीकरण करने बैरिकेडिंग, सफाई, विद्युत व्यवस्था संबंधी कार्य नगर निगम जोन 6 की टीम कर रही है। दशहरा उत्सव के दिन रावणभाठा मैदान पर पारंपरिक रामलीला का मंचन होगा। दूधाधारी मठ से बाजे-गाजे के साथ भगवान बालाजी की पालकी निकलेगी। इसमें अखाड़ा दल का शौर्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा। रावण पुतला दहन के दौरान भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन करने जबलपुर से 20 आतिशबाज बुलाए गए हैं।

### छत्तीसगढ़ नगर में सोनपैरी की पुष्पांजलि मानसमंडली की रामलीला का मंचन

छत्तीसगढ़ नगर के दशहरा मैदान पर विजयादशमी पर्व को भव्य रूप में मनाने तैयारी चल रही है। यहां 50 फीट ऊंचाई का रावण, 35 फीट के कुंभकरण व मेघनाथ का पुतला तैयार किया जा रहा है। दशहरा के दिन सोनपैरी गांव की पुष्पांजलि मानस मंडली के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। रावण पुतला दहन के दौरान माना कैंप से आए आतिशबाज कार्यक्रम स्थल पर भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अंचल के प्रसिद्ध कलाकार खिलेश्वरी साहू के लोक झंकार संस्था का कार्यक्रम आयोजित है।

# केंद्रीय जांच एजेंसी पर कांग्रेस नेता हेमंत चंद्राकर ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कोयला, शराब घोटाला एवं महादेव सट्टा एप मामले में जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी के एक अफसर पर कांग्रेस नेता हेमंत चंद्राकर ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अफसर पर पूछताछ के दौरान मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने तथा घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके करीबियों पर कमीशन लेने की बात कबूल करने के लिए दबाव बनाने की बात कही है। इस संबंध में चंद्राकर कोतवाली थाने में शिकायत लेकर भी पहुंचे थे, लेकिन यह केंद्रीय एजेंसी से जुड़ा मामला होने के कारण पुलिस ने इस मामले में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

***इस तरह के लगाए आरोप, विडियो किया वायरल :*** हेमंत चंद्राकर ने आरोप लगाए हैं कि एजेंसी टीम ने पूछताछ के लिए उसे अपने दफ्तर बुलाया था। पूछताछ के दौरान एक अफसर ने उसके साथ मारपीट करते हुए दबाव बनाया कि वह बघेल और उसके करीबियों से कमीशन लेने की बात कबूल करें। पूछताछ खत्म होने के बाद चंद्राकर ने अपना एक विडियो भी वायरल किया है, जिसमें उसने पूछताछ के दौरान अफसरों द्वारा की गई मारपीट एवं दबाव बनाने की बात रोते हुए कही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह खाद बीज का व्यापारी है और इस मामले में उसे जबरन फंसाया जा रहा है।



### बघेल ने भी ट्विट कर एजेंसी पर साधा निशाना

इधर वायरल हुए विडियो को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी ट्विट कर एजेंसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब एजेंसी गुंडागर्दी पर उतर आई है। पहले व्यापारी के यहां रेड कर रही है और फिर पूछताछ के लिए बुलाकर उन्हें पीटकर उनका और उनके करीबियों का नाम लेने के लिए दबाव बना रही है। इस मारपीट के बाद पीड़ित पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचा रहा है, तो पुलिस अपराध भी दर्ज नहीं कर रही है और न ही मेडिकल परीक्षण करवा रही है।

## बिजनेस साइट

### ग्रैंड होंडा में नवरात्रि पर खास ऑफर

**रायपुर।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर पंडरी स्थित ग्रैंड होंडा शोरूम में ग्राहकों के लिए विशेष योजना शुरू की गई है। 'होंडा का खुशियों का त्योहार' नामक इस स्कीम के तहत ग्राहक मात्र 49 रुपए प्रतिदिन की आसान ईएमआई पर होंडा का कोई भी टू-व्हीलर मॉडल घर ले जा सकते हैं। इस ऑफर के तहत ग्राहकों को कुल 19,287 रुपए तक के आकर्षक उपहार भी फ्री दिए जा रहे हैं। इनमें 9,999 रु मूल्य का वीआईपी ट्रॉली बैग, 5790 रु की केनस्टार मिक्सर ग्राइंडर, 1799 रुपए का 28 पीस डिनर सेट और 1699 रुपए की डबल बेडशीट शामिल है। यह ऑफर ग्रैंड होंडा के पंडरी, सड्डू और भनपुरी स्थित सभी शोरूम में सीमित समय के लिए उपलब्ध है। शोरूम प्रबंधन के अनुसार इस योजना के तहत वाहन खरीदने पर ग्राहकों को जीएसटी कट का भी अतिरिक्त लाभ मिलेगा।



### हस्तशिल्प प्रेमियों के लिए हैंडलूम हैंडीक्रॉफ्ट एक्सपो शुरू

**रायपुर।** भारतीय परंपरा और संस्कृति को समर्पित 'हैंडलूम हैंडीक्रॉफ्ट एक्सपो' का भव्य शुभारंभ देवेंद्र नगर, ऑफिसर्स कॉलोनी गेट नंबर-1 के सामने स्थित ओपन ग्राउंड में हुआ। यह प्रदर्शनी 19 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें देशभर से आए कारीगरों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। एक्सपो में बनारसी और बंगाली साड़ियां, कश्मीरी सूट, खादी, लखनऊ की चिकनकारी, कोसा ड्रेस, पंजाबी फुलकारी, लेदर बैग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी व अन्य पारंपरिक वस्त्र और सजावटी सामान शामिल हैं। महिला परिधानों और होम डेकोर की नई रेंज भी खास आकर्षण बनी हुई है। खास बात यह है कि सभी उत्पादों पर 20% की छूट दी जा रही है।



### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का वॉकथॉन व भाषण स्पर्धा

**रायपुर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय के आदेशानुसार तेलीबांधा मरीन ड्राइव में बैंक द्वारा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नाइक, क्षेत्रीय प्रमुख राजकिशोर केरकेट्टा तथा रायपुर स्थित सभी शाखाओं व कार्यालयों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सतर्कता अधिकारी एनके मंगल द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई, जिसके पश्चात वॉकथॉन का शुभारंभ हुआ। तेलीबांधा शाखा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विजेताओं का चयन उप अंचल प्रमुख राजेश कुमार सिंह की समिति द्वारा किया गया और उन्हें अंचल एवं क्षेत्रीय प्रमुखों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सुनीत राणा, नरेश दुबे सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### अशोका पाम मेडोज में जगराता-वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह



**रायपुर।** अशोका पाम मेडोज में नवरात्रि की धूमधाम के बीच एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संतोष थापा और मनोज राजपूत की टीम द्वारा माता का जगराता की अनोखी और भक्तिपूर्ण प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं वृद्धजनों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल एवं लता अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अशोक पटेल, नयन श्री तिवारी, नमिता ठाकुर, प्रिया पांडे, सोनल बिसेन, रश्मि राय और शिखा चोपड़ा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की सफलता में संदीप तिवारी, मनीष ठाकुर, गुड्डू ठाकुर, उमेश साहू और अंकित पांडे का विशेष सहयोग रहा।



### वस्त्रम विकास की नई शाखा का शुभारंभ आज

**रायपुर।** शहर की जानी-मानी फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास के छठवीं शाखा का शुभारंभ पंडरी कपड़ा मार्केट में आज होने जा रहा है। नई शाखा शॉप नंबर एच-52, टेक्सटाइल मार्केट, गेट नंबर 1, पंडरी में स्थित है, जहां ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता के वस्त्रों की विविध वैरायटी मिलेगी। संस्थान के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास पिछले 29 वर्षों से रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में फैशन की जरूरतों को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि नए प्रतिष्ठान में पुरुषों के लिए विशेष ऑफर के तहत 1599 में कुर्ता-पायजामा और स्टाइलिश जैकेट उपलब्ध कराए गए हैं।

### सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की हृदय जागरूकता और नवरात्रि पर्व पर पैदल यात्रा

**रायपुर।** सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व हृदय दिवस और नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा की शुरुआत न्यू राजेंद्र नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर से हुई और समापन कालीमाता मंदिर, आकाशवाणी चौक (लगभग 3.5 किमी) में हुआ। कार्यक्रम की थीम 'हर धड़कन जरूरी है' रही। इस अवसर पर छात्राओं ने माता के नौ रूपों और भारत की वीरांगनाओं का स्वरूप धारण कर समाज को अध्यात्म, नारी शक्ति व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि शताब्दी पांडे (भाजपा प्रवक्ता) ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की। संस्थापक डॉ. नवीन बागरेचा ने हृदय स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे अब तक 25,000 से अधिक लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग दे चुके हैं।



### लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में निशुल्क काउंसिलिंग व पंजीयन प्रारंभ

**रायपुर।** अम्लेश्वर के निकट मोतीपुर स्थित लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी द्वारा छात्रों के लिए नर्सिंग व फार्मेसी कोर्स में निशुल्क काउंसिलिंग व पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। कॉलेज द्वारा प्रवेश पोर्टल भी जारी किया गया है, जिसमें छात्र क्यूआर कोड स्कैन कर फॉर्म भर सकते हैं। यह सुविधा 30 अक्टूबर तक सीमित सीटों के लिए उपलब्ध है। कॉलेज की निर्देशिका डॉ. अर्चना मिश्रा ने बताया कि यह परिसर एक विश्वस्तरीय एजुकेशन हब है, जहां नर्सिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, योग, आयुर्वेद, आईटी और अन्य व्यावसायिक कोर्स संचालित होते हैं। क्लीनिकल प्रैक्टिस की सुविधा कॉलेज के पेरेंट हॉस्पिटल में दी जाती है। लीला देवी समूह देश के 15 से अधिक राज्यों में 100+ शिक्षण संस्थानों के माध्यम से शिक्षा व प्लेसमेंट के क्षेत्र में कार्यरत है और कई शासकीय संस्थानों से एफिलिएटेड भी है। इच्छुक छात्र रायपुर स्थित राज्य कार्यालय में भी पंजीयन करा सकते हैं।




### विश्व हृदय दिवस और रेबीज दिवस पर श्री बालाजी इंस्टिट्यूट में जागरूकता संगोष्ठी

**रायपुर।** श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में विश्व हृदय दिवस और विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. आरजी घृतलहरे व डॉ. दीपक जायसवाल के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने हृदय रोग और रेबीज पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष मल्होत्रा ने हृदय स्वास्थ्य और नवीनतम निदान विधियों पर व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. अजय सहाय ने रेबीज के लक्षण, रोकथाम और उपचार पर जानकारी दी। उन्होंने कुत्ते के काटने के बाद प्राथमिक उपचार और टीकाकरण को अनिवार्य बताया।



### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में वर्ल्ड हार्ट डे पर जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने वर्ल्ड हार्ट डे को 'डोंट मिस ए बीट' थीम के साथ मनाया। इस अवसर पर अस्पताल में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें मरीजों, परिजनों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्थ टॉक्स, मुफ्त स्वास्थ्य जांच, संवाद सत्र और पूर्व मरीजों के अनुभव साझा किए गए। डॉक्टरों ने हृदय रोगों की रोकथाम, समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्डियोलॉजी विभाग की टीम ने बताया कि हृदय स्वास्थ्य केवल इलाज तक सीमित नहीं, बल्कि रोकथाम, जागरूकता और समय रहते कदम उठाना भी जरूरी है। डॉ. संदीप दवे ने कहा, प्रिवेंशन इलाज से बेहतर है, वहीं डॉ. जावेद अली खान ने इसे जीवनशैली सुधारने का अवसर बताया। अन्य विशेषज्ञों ने युवाओं को भी हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने तैयारी को लेकर ली बैठक

# राजधानी में 15 से 19 नवंबर तक रायपुर लोस सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम क्षेत्र में 15 से 19 नवंबर तक रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर केन्द्र सरकार के खेल मंत्रालय के फिट इंडिया मूवमेंट को जनआंदोलन बनाने यह आयोजन होगा। इस संबंध में लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में बैठक ली। बैठक में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, माना कैम्प नगर पंचायत अध्यक्ष संजय यादव, निगम आयुक्त विश्वदीप प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि आयोजन के माध्यम से नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में नागरिकों के बीच खेल का वातावरण बने। सांसद खेल महोत्सव में शामिल होने क्यूआर बारकोड को स्कैन कर उसमें दिये गये खेल महोत्सव का फार्म भराया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिको को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर सकें।

श्री अग्रवाल ने सभी जोन कमिश्नरों को जोन स्तर पर जोन अध्यक्ष,पार्षदों सहित खेल संघों के पदाधिकारियों, खिलाडियों की बैठक लेकर आयोजन में लोगो को जोड़ने के लिए कहा है। साथ हीजोन स्तर पर 3 से 4 स्थानों का चयन करने के निर्देश दिए। खेल महोत्सव में शामिल 13 खेल विधाओं खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, रस्साकसी, भारोत्तोलन, कुश्ती, रोप स्पीकिंग, स्वीमिंग, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, गेड़ी की जानकारी देने अपील की।



महापौर ने अपील की है कि सभी महिला वार्ड पार्षद अपने वार्ड की रहवासी महिलाओ को आयोजन में अधिक से अधिक जोड़ें। इसके लिए बारकोड को स्कैन करवाकर फार्म भरवाते हुए आयोजन को भव्यता देने सहभागी बने। इसी तरह पुरूष पार्षद वार्ड के पुरुषों को जानकारी देकर टीम तैयार कर उन्हें महोत्सव में जोड़ें।

सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने विद्यार्थी और युवाओं को इस आयोजन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जोड़ने पर जोर दिया।

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि इस आयोजन में क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक जोड़ने के कार्य में निश्चित ही पार्षदो को आनंद आएगा, इससे खेल का माहौल भी बनेगा। इस मौके पर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी अपने सुझाव दिए। आयोजन को लेकर एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, पार्षद राजेश गुप्ता, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किये।

### 10 जोन में 40 स्थल मैदान के रूप में करें चिन्हांकित

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर निगम के 10 जोनों में प्रत्येक जोन में कम से कम 4 एवं 10 जोनो में 40 स्थल मैदान के रूप में चिंहित कर खेल महोत्सव का आयोजन करने कहा है। इसके लिए बैनर पोस्टर होर्डिंग के जरिए लोगों तक जानकारी पहुंचाने निर्देशित किया। श्री अग्रवाल ने 25 अक्टूबर से 25 नवंबर 1 माह रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के व्यापक प्रचार प्रसार करने जोर दिया। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि आज के मोबाईल डिजिटल युग में नगर निगम के 70 वार्ड पार्षद सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें नगर निगम की टीम बनाकर रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिल रहा है।

# भाजपा नेता पर कार्रवाई की मांग कांग्रेसियों ने थाने में की शिकायत

**रायपुर।** भाजपा नेता प्रिंटू महादेवन ने एक मीडिया चैनल पर लद्दाख में हुई हिंसा पर बहस के दौरान राहुल गांधी के सीने में गोली मारने की बात कही थी। इसे लेकर कांग्रेसियों ने मंगलवार को विधानसभा थाने में लिखित शिकायत कर मामला दर्ज करने की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने चेतावनी देते हुए तत्काल गिरफ्तारी कर संवैधानिक व्यवस्था के तहत कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश के युवाओं किसानों, वंचित वर्ग की मुखर आवाज बनकर देश-विदेश में उभरे हैं, जिससे भाजपा घबरा गई है। जिस प्रकार खुलेआम इलेट्रॉनिक मीडिया में खुलेआम हत्या की धमकी दी जा रही है, घोर असहनीय है। भाजपा एवं आरएसएस का असली चेहरा है, जिस प्रकार गोडसे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की है, उसी प्रकार पिंटू महादेव की मंशा साफ झलक रही है। थाना विधानसभा में लिखित आवेदन देने वालों में पूर्व सांसद छाया वर्मा, मोहनलाल वर्मा, घनश्याम वर्मा, लोकेश साहू, अंकित वर्मा, मनहरन वर्मा, मनसा, अरुण शुक्ला, वीर देवांगन, राजू यादव, भीखू प्रशांत कुर्रे, भागवत लहरी, संतोष पाल, गावेश साहू, राजू, सरपंच खौली आदि उपस्थित रहे।





02



महाअष्टमी पर हवन-पूजन, सप्तशती ...


## लाइव इवेंट

## हिंदी हमारी संस्कृति, इसके बिना विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना बेमानी



**रायपुर।** हिन्दी मात्र एक भाषा नही बल्कि यह हमारी संस्कृति है, संस्कार है, चेतना है और भारत की आत्मा है। हिन्दी के उपयोग के बिना विकसित भारत की परिकल्पना नहीं की जा सकती। विकसित भारत की निर्माण में हिन्दी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह राजभाषा के साथ-साथ संपर्क तथा समन्वय की भाषा भी है और भारत के विभिन्न राज्यों को एक सूत्र में पिरोती है। यह विचार इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आज यहां हिन्दी पखवाड़ा 2025 के समापन के अवसर पर ''विकसित भारत के निर्माण में हिन्दी की भूमिका'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में विद्वान वक्ताओं द्वारा व्यक्त किये गये। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल थे। विद्वान वक्ताओं के रूप में शशांक शर्मा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी, डॉ. चितरंजन कर सेवानिवृत्त प्राध्यापक, भाषा विज्ञान, तथा गिरीश पंकज, वरिष्ठ साहित्यकार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे उपस्थित थी।

### कई देशों में भी हिन्दी बोली और पढ़ी जा रही

विद्वान वक्ता के रूप में डॉ. चितरंजन कर ने कहा कि हिन्दी राजभाषा के साथ-साथ भारत की सामाजिक - सांस्कृतिक संपर्क भाषा भी है। यह हमारी संस्कृति है, अस्मिता है। उन्होनें कहा कि हिन्दी जनसंख्या के आधार पर विश्व में दूसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। आज भारत के अलावा दुनिया के अन्य कई देशों में भी हिन्दी बोली और पढ़ी जा रही है। जिस दिन हमारे देश वासियों में हिन्दी के प्रति गौरव की चेतना का विकास हो जाएगा, भारत तब एक विकसित देश के रूप में पहचान बना लेगा। वरिष्ठ साहित्यकार श्री गिरीश पंकज ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी पूरी दुनिया में फैल रही है लेकिन दुर्भाग्य है कि भारत में सिमटती जा रही है। इसका मुख्य कारण हम लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रगौरव के भावना में कमी है।

## सिटी इवेंट

## ओणम उत्सव में दिया स्वास्थ्य का संदेश, 500 से अधिक की भागीदारी



**रायपुर।** केरल समाज और संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में भव्य ओणम उत्सव का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट सामाजिक पहल देखने को मिली। इस अवसर पर कैंसर जागरूकता वार्ता और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केरल समाज के अध्यक्ष विनोद पिल्लै ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ मेडिकल स्टेट कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हस्के और डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा उपस्थित रहे।

### महिलाओं के स्वास्थ्य पर व्याख्यान सत्र

कैंसर पर केंद्रित जागरूकता सत्र में 500 से अधिक शहरवासियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता सीनियर कैंसर सर्जन डॉ. मौ रॉय ने ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित स्व-परीक्षण, जीवनशैली में बदलाव और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से समय रहते बचाव किया जा सकता है। ऐसे में महिलाओं के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। समाज के अध्यक्ष विनोद पिल्लै ने कहा, महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं। उनका स्वास्थ्य केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है। कार्यक्रम में केरल की पारंपरिक नृत्य, संगीत, पारंपरिक पोशाक व सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली।

## बापू की कुटिया के लिए बुजुर्गों को मिलेगी कुर्सी, वाटर कूलर, नल कनेक्शन की सुविधा



**रायपुर।** अमलीडीह गार्डन निर्माण के 10 वर्ष पूरे होने और पीपल के एक पेड़ के 89 वर्ष पूर्ण होने के सम्मान में गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू विशेष तौर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक द्वारा 40 सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष विनय चौरे की मांग पर विधायक श्री साहू द्वारा बापू की कुटिया के लिए 25 कुर्सी, वाटर कूलर और बापू की कुटिया में नल कनेक्शन के अलावा वॉशरूम बनवाने की घोषणा की गई। स्वच्छता अभियान व सम्मान समारोह कार्यक्रम में पार्षद विनय निर्मलकर, पार्षद गायत्री नौरंगे, शिव मंदिर, शनि मंदिर, व गार्डन समिति के पदाधिकारियों सहित समाजसेवी विशाल शर्मा, केबी अग्रवाल, उदयपाल जादौन, एनआर नायडू, पीके मजूमदार, संजय भौमिक, विजय शैवालकर, सुनील माहेश्वरी, इंदल प्रसाद, रामसेवक राय सागर आदि सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।



द ग्रैंड नीलम रास गरबा

# बारिश भी नहीं रोक पाई गरबा का जोश, देर रात तक थिरके कदम, सतरंगी रोशनी में झूमे युवा

### द ग्रैंड नीलम में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज का रास गरबा का शानदार दूसरा दिन



### बारिश में झूमे, ढोल की थाप पर सजी यादगार गरबा नाइट

मंगलवार की शाम अचानक हुई बारिश में भी गरबा प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ, बारिश में भीगते हुए गरबा प्रेमी द ग्रैंड नीलम जैसे लोकप्रिय आयोजन स्थलों तक पहुंचे। गरबा परिसर में युवाओं का समूह बारिश का आनंद लेते हुए चौकड़ी-छकड़ी पर कदमताल करता रहा। जहां कोई हाथ में छाता लिए ताल से ताल मिला रहा था तो कोई खुले आसमान के नीचे मस्ती में डूबा रहा। बारिश की हल्की फुहारें भी उत्सव के रंग में और निखार ले आईं। ढोल की थाप और डीजे सिद्धार्थ की बीट्स के साथ पूरा माहौल जगमगा उठा।





**रायपुर।** हे तारि मासमिथि मदमिथि वते मरुम मन मोहि गयुम..केसरियो रंग तने लाग्यो रे गरबा...गरबा नाइट में पारंपरिक गरबा गीतों की धूम मची रही, जहां हल्की बारिश के बाद भी गरबा प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ। वीआईपी रोड स्थित द ग्रैंड नीलम होटल में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज आयोजन के दूसरे दिन भी रास गरबा का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को मिला। जहां छत्तीसगढ़ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन व उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहे। रास गरबा की शुरुआत अम्बे मां की महाआरती से की गई, जहां अनिल जोतसिंघानी, अमित चिमनानी, डॉ. अनामिका सिंह शामिल हुए।





### फाल्गुनी पाठक के गीतों पर थिरके कदम

शारदीय नवरात्रि उत्सव में मंगलवार की रात शहर गरबा की धुनों पर थिरकता नजर आया। जैसे ही आयोजन स्थल पर फाल्गुनी पाठक के लोकप्रिय गरबा गीत गूंजे, माहौल में जोश व उमंग का रंग और गहरा हो गया। गरबा प्रेमियों ने गरबा स्टेप में फाल्गुनी पाठक के फेमस हुक स्टेप्स पर गरबा की ताल को फ्यूजन किया। पारंपरिक लिबास में सजे-धजे गरबा प्रेमी देर रात तक संगीत की लय पर थिरकते रहे। आयोजन स्थल पर मां-बेटी, दादी-पोती, कपल्स और दोस्तों का समूह गरबा की धूम मचाते दिखा।







### बरसात की भीगी रात में ललित महल में गूंजी गरबा की धुन

ललित महल में गुंजन्स आयोजन, वैदिक फाउंडेशन व हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर के रास गरबा में मंगलवार को युवाओं ने बारिश के बीच में उत्सव कम होने नहीं दिया। हिंदी, गुजराती व छत्तीसगढ़ी गीतों पर गरबा बीट्स पर डांस किया। लगातार बारिश के बीच युवा बरसात थमने का इंतजार करते रहे, जैसे पानी गिरना कम हुआ, डीजे फिर शुरू हो गया। इसके बाद युवाओं ने एक बार फिर से जमकर डांस किया। ज्यादातर लोग भीग गए थे। इसके बावजूद सभी के कदम जमकर थिरके। पारंपरिक स्टेप्स लोगों ने पेश किए। संगीत के साथ झिलमिलाती सतरंगी रोशनी के बीच मंच पर गीत गाते, थिरकते हुए गायक-गायिकाएं व डांसरों के समूह के साथ मंच के नीचे दर्शकों के समूह ने गुजरात के डांडिया का विशेष ड्रेस में नृत्य करते हुए लुत्फ उठाया। रंगबिरंगी चनिया चोली, कढ़ाईदार कुर्ता-पायजामा, दुपट्टे और लहरदार घाघरा-चोली में सजी महिलाएं एवं युवतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

## गानों की रिदम और ढोल की थाप पर युवाओं का जोशीला नृत्य

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर आयोजित बीटीआई मैदान में संकल्प रास गरबा एवं उत्सव समिति के गरबा उत्सव में लोगों का जमकर उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां उत्कृष्ट डांस करने वाले प्रतिभागियों को हर दिन 100 से अधिक उपहार दिए जा रहे हैं। मंगलवार को गानों की रिदम और ढोल की थाप पर युवाओं के जोशीले नृत्य ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया। गुजराती और हिंदी गीतों पर देर रात तक गरबा की प्रस्तुति चलती रही। यह आयोजन समिति का लगातार 14वां वर्ष है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रमुख संजय श्रीवास्तव अध्यक्ष नान के मार्गदर्शन में हो रहा है। इस सत्र में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री कौशल एवं तकनीकी शिक्षा गुरु खुशवंत साहेब ने की। विशेष अतिथियों में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, पार्षद अनामिका सिंह, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, और पार्षद महेंद्र कोटारिया शामिल रहे।




### इन प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

आयोजन में हर दिन प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार दिए जा रहे हैं। 26 सितंबर की डायमंड रिंग विजेता आर्या मिश्रा रहीं। इसके अलावा 27 सितंबर की डायमंड रिंग विजेता पूजा अग्रवाल बनीं। इसके अलावा प्रतिदिन 50 से 60 अन्य उपहार भी वितरित किए जा रहे हैं। इस रास गरबा महोत्सव में प्रतिदिन 8 से 10 हजार लोग शामिल हो रहे हैं, जिससे आयोजन की भव्यता के साथ उत्साह और भी बढ़ रहा है। इस महोत्सव के सफल संचालन में संयोजिका अनीता खंडेलवाल, संगीता मिश्रा, सुनीला अग्रवाल, पुष्पा जैन की प्रमुख भूमिका रही। वहीं मिलिंद गौतम, अंकुर अग्रवाल, राजेश गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, अमरजीत सिंह, रूपक, कोमल जैन, रौनक जैन सहित अन्य सक्रिय सदस्यों का भी निरंतर सहयोग मिल रहा है।





## दुर्गोत्सव


श्री रिद्धि सिद्धि गणेश एवं दुर्गा उत्सव समिति लक्ष्मण नगर मेन रोड कोटा रोड


मां राज राजेश्वरी नव दुर्गोत्सव समिति सुविधा विहार महावीर नगर


एकता श्री नव दुर्गा उत्सव समिति कृष्णा नगर भनपुरी


माँ शक्ति महिला दुर्गोत्सव समिति, चांदनी चौक नेहरू नगर


जानकी नगर दुर्गोत्सव समिति, बोरियाखुर्द


श्री गौरी गौरा दुर्गोत्सव समिति शिव नगर, मठपुरैना


श्री शिव शारदा महिला समिति, सुदामा नगर, टिकरापारा


श्री नंदेश्वर दुर्गा उत्सव समिति इंदिरा चौक संजय नगर


नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति साईं मंदिर डगनिया


साईं नगर जोरा





● राजधानी और आउटर इलाकों के देवी मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब

# महाअष्टमी पर हवन-पूजन, सप्तशती पाठ और अलौकिक श्रृंगार के दर्शन

*रायपुर। ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं सर्वतत्त्वं शोधयामि नमः स्वाहा।। देवी दुर्गा की महिषासुर पर विजय की गाथा के प्रतीक दुर्गा सप्तशती पाठ की गूंज प्रत्येक देवी मंदिर में सुनने को मिली। अष्टमी तिथि को प्राचीन देवी मंदिरों में गौरी-गणेश पूजन, भूमिपूजन, कलश पूजन व नौ ग्रहों की उपासना कर, हवन-पूजन प्रारंभ किया गया। श्रद्धालु पवित्र जड़ी-बूटियों से तैयार हवन सामग्री के साथ देवी मंदिरों में हवन कुंड पर परिजनों के साथ नजर आए। पूजा-अर्चना के वक्त मां दुर्गा का अलौकिक श्रृंगार भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। "मां दुर्गा के लिए हाथों में श्रृंगार की थाल और आंखों में दर्शन मात्र की इच्छा लेकर श्रद्धालु मंदिर प्रांगण पहुंचे। महाअष्टमी के पावन अवसर पर शहर के देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में आस्था-श्रद्धा का सैलाब नजर आया। सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक धार्मिक स्थानों पर हवन पूजन का क्रम जारी रहा, जहां ब्रह्ममुहूर्त से ही मां दुर्गा के दर्शन के लिए भक्तों का लंबी कतार देवी मंदिरों में नजर आई। भक्त इच्छाशक्ति अनुसार मां के लिए विशेष प्रसादी का भोग लेकर पहुंचे।"*



## देर रात 12 बजे के बाद मंदिर के मुख्य ज्योति कलश का विसर्जन

### माता के जयघोष से उत्साहित होते रहे श्रद्धालु

महाअष्टमी की पावन तिथि पर महामाया देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां दस हजार से अधिक भक्तों ने दर्शन लाभ लिया। ब्रह्ममुहूर्त पर गर्भगृह के कपाट खुलने से पहले श्रद्धालु दर्शन के लिए इंतजार करते रहे। जहां जय मां महामाया...के जयकारों से सभी का उत्साह बढ़ता रहा। पवित्र तिथि पर मां महामाया देवी और समलेश्वरी देवी का भक्तों ने अलौकिक श्रृंगार में दर्शन किया। दोपहर 3 बजे से प्रारंभ हवन-पूजन में हजारों भक्त अपने परिजनों संग शामिल हुए। शाम 4 बजे पूर्णाहुति के साथ भव्य महाआरती की गई। इस दौरान मंदिर परिसर का वातावरण भक्ति में डूबा रहा। मंदिर के प्रवेश द्वार से लेकर बावली व ज्योति कक्ष तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### मां दंतेश्वरी को पंचमेवा की प्रसादी अर्पित

मां दंतेश्वरी देवी मंदिर में देर शाम गौरी-गणेश पूजन, भूमिपूजन, कलश पूजन के साथ मंत्रोच्चार व देवी-देवताओं के आव्हान से हवन पूजन प्रारंभ हुआ। धार्मिक अनुष्ठान के बीच लगातार भक्त देवी मां के दर्शन के लिए शामिल होते रहे, इस दौरान स्वर्ण आभूषणों से मां का अलौकिक श्रृंगार किया गया। हवन-पूजन के दौरान मां दंतेश्वरी को पंचमेवा प्रसादी भोग स्वरूप अर्पित की गई।





### 14 हवन कुंडों पर सामूहिक हवन

महाअष्टमी पर रावांभाठा स्थित प्राचीन बंजारी मंदिर परिसर में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में बनाए गए 14 हवन कुंडों पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक हवन-पूजन में भाग लिया। सुबह से प्रारंभ धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम दोपहर तक चलता रहा। हवन के पश्चात कन्याभोजन का आयोजन हुआ, इसमें मां दुर्गा के नव स्वरूपों की आराधना के साथ कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया। मध्यरात्रि मंदिर परिसर में स्थापित मुख्य ज्योति कलश का विसर्जन विधि-विधान से मुख्य पुजारी ने किया।

### मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती पाठ का स्मरण

आकाशवाणी स्थित प्राचीन कालीमाता मंदिर में शाम 6 बजे भव्य महाआरती के वक्त भक्तों की भीड़ रही, इस दौरान मां काली ने स्वर्ण के आभूषणों व चमचमाती पोशाक में भक्तों को दर्शन दिए। इस दौरान लगातार दुर्गा सप्तशती पाठ का स्मरण किया गया, महाअष्टमी पर सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार व पूड़ी-हलवा का भोग लेकर मंदिर प्रांगण पहुंचीं।

### देवी पंडालों में देर रात तक हवन-पूजन

महाअष्टमी पर शहरभर के देवी पंडालों में भक्ति, आस्था और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। देर रात तक हवन-पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम निरंतर चलता रहा। श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पंडालों में जसगीत, भजन और आरती में भाग लेते नजर आए। दुर्गोत्सव समितियों के सदस्य सुबह से ही आयोजन स्थल पर सक्रिय दिखे और समय-समय पर मां दुर्गा की विशेष श्रृंगार आरती, ज्योत-जंवारा का पूजन और अन्य धार्मिक क्रियाएं विधिपूर्वक संपन्न कराते रहे। वहीं रात होते ही वातावरण जसगीतों की मधुर धुनों से गूंज उठा।

### संधि पूजा में 108 मिट्टी के दीपक और कमल पुष्प देवी मां को अर्पित

ऊँ दुं दुर्गायै नमः के मंत्रोच्चार से कालीबाड़ी बंगाली दुर्गा पंडाल में संधि पूजा का आरंभ हुआ। धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मां का आशीर्वाद प्राप्त करने, विशेष संधि पूजन का आयोजन किया गया, जहां बंगाली समाज के सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति बनी रही। दोपहर 1.21 बजे से प्रारंभ संधि पूजा में 108 मिट्टी के दीपक और कमल पुष्प देवी मां को परंपरागत अर्पित किए गए। इस मौके पर कोलकाता के विशेष वाद्ययंत्रों की थाप सुनने को मिली। बंगाली दुर्गा पंडाल में सुबह 8.30 बजे से देर रात तक धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम निरंतर जारी रहा। भोग आरती, संधि पूजा, बली दान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### कंकाली तालाब में मध्यरात्रि ज्योति कलश विसर्जित

कंकाली मंदिर में शाम 6.10 बजे हवन पूजन कर पूर्णाहुति दी गई। इस दौरान मंदिर परिसर में नगरवासियों की उपस्थिति बनी रही। महाअष्टमी के दौरान मां कंकाली देवी को विभिन्न प्रकार के व्यजंनों व पारंपरिक पकवानों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में मौजूद प्रमुख पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार व देवी मां की अनुमित लेकर रात्रि 12 बजे के पश्चात मुख्य ज्योति कलश का गुप्त रूप से विसर्जन किया। वहीं कंकाली मठ के कपाट नवमी तिथि को साफ-सफाई के लिए खुलेंगे।



मंडली की समिति के प्रमुख के निधन के बाद कार्यक्रम स्थगित

# पहली बार दूधाधारी मठ में टूटी रामलीला की परंपरा सभी हुए मायूस, अब अगले साल ही सजेगा मंच

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** दूधाधारी मठ में बीते पांच दशकों से लगातार प्रतिवर्ष आयोजित रामलीला की परंपरा इस वर्ष टूट गई। हर साल नवरात्रि के दौरान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, रावण और हनुमानजी की लीलाओं से गूंजता रहा मठ परिसर इस बार अधूरा-अधूरा नजर आ रहा है। जहां पहले छोटे-छोटे बच्चे परिवारों के साथ उत्साह के साथ रामलीला देखने पहुंचते थे, वहां इस बार सन्नाटा पसरा हुआ है। शाम का जोश, लाइट्स की जगमगाहट और कलाकारों की गूंजती आवाजें इस बार गायब हैं। मंच सजा जरूर, लेकिन रंगमंच पर प्रस्तुति नहीं हुई। हर साल रामलीला मंचन के लिए कलाकारों को अन्य राज्यों से बुलाया जाता था और पूरे नवरात्रि तक यह आयोजन चलता था। परंपरा के अचानक टूटने से श्रद्धालु और स्थानीय दर्शक मायूस दिखे।



### बड़े उत्साह से देखने आते थे दर्शक

श्री गोस्वामी बताते हैं कि जहां रामलीला का आयोजन होता है, वहां 300 से 500 दर्शक बड़े उत्साह के साथ बैठकर मंचन देखने आते थे। इतिहास में पहली बार मठ में रामलीला का आयोजन नहीं हो रहा है। समिति ने प्रयास किया, लेकिन तत्काल में बड़ा आयोजन करना संभव नहीं हो सका। उन्होंने बताया, मठ से ही श्रीराम, माता सीता, रावण, लक्ष्मण व हनुमान बनेंगे और दशहरे के दिन रावणभाठा मैदान में रावण दहन की परंपरा को जीवंत रखेंगे।

### अगले वर्ष रामलीला का होगा आयोजन

*रामलीला समिति के अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने बताया कि रामलीला मंडली के प्रमुख का कुछ माह पहले निधन हो गया, जिससे इस वर्ष आयोजन संभव नहीं हो सका। वर्तमान में मंडली की जिम्मेदारी संभालने के लिए कोई आगे नहीं आया है। उन्होंने यह भी बताया कि रायपुर में स्थायी रामलीला मंडली नहीं है और अन्य राज्यों की मंडलियों की पहले से ही बुकिंग हो चुकी थी, जिसके कारण आयोजन को स्थगित करना पड़ा। समिति ने आश्वस्त किया है कि अगले वर्ष रामलीला को पहले से भी अधिक भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा, ताकि यह परंपरा फिर से जीवंत हो सके।*



सिटी स्पोर्ट्स

## सुमन ने जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग में जीता गोल्ड



**रायपुर।** टिकरापारा की होनहार खिलाड़ी सुमन साहू ने हिमाचल प्रदेश में आयोजित जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सुमन ने विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों को मात देकर जीत दर्ज की और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया।यह सुमन की लगातार तीसरी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2024 में राधाबाड़ी, सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) और 2023 में भारत इंडोर स्टेडियम, रांची (झारखंड) में भी गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।सुमन की इस सफलता के पीछे उनके कोच मनीष बाग और पिता खुबलाल साहू का महत्वपूर्ण योगदान है, जिनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से वह लगातार आगे बढ़ रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे टिकरापारा क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।

## यशवंत , आर्यन , अद्वित और समाया बने विजेता




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 25 से 27 सितंबर, तक आयोजित ₹रायपुर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 (यूथ/सब जूनियर/कैडेट) का समापन हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने किया। मंच संचालन प्रवीण निरापुरे ने किया। प्रतियोगिता के सभी वर्गों के अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। जिसमें यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक वर्गः- विजेता -यशवंत डेकाटे, उपविजेता -श्रेष्ठ मिश्रा 3-0,यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग विजेता -समाया पांडे , उपविजेता - आरना खोटेले 3-0, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग विजेता -आर्यन सिंह, उपविजेता - श्रेष्ठ मिश्रा 3-2 यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका वर्गः- विजेता - समाया पांडे, उपविजेता -वेदी कछवाहा 3-1 यूथ अंडर--13 (कैडेट) बालक वर्गः-विजेता - अद्वित जिंदल,उपविजेता - नीरव तिवारी 3-1 यूथ अंडर-- 13 (कैडेट) बालिका वर्ग -- विजेता - समाया पांडे, उपविजेता इशी मिश्रा 3-0 रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक नागेश्वर साहू तथा सहायक मुख्य निर्णायक पुलकित यदु थे। इस अवसर पर परिवेश मिश्रा, प्रियंक पांडे, अंजना चौहान, सचिन मिश्रा, रशीद अंसारी, आर.के. पांडे एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण, पालकगण उपस्थित थे। यह जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्क्वैश में रायपुर ज़ोन ने मारी बाज़ी



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में राजधानी के बूढ़ापारा स्थित स्क्वैश काम्प्लेक्स में 25वीं राज्य स्तरीय स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमे रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा की टीमों के कुल 120 बालक एवं बालिकाओं ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के साथ 16 अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता संचालन में अपना विशेष सहयोग दिया। प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – दुर्ग, तृतीय – सरगुजा, अंडर-17 बालक वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – दुर्ग, तृतीय – सरगुजा, अंडर-19 बालक वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – दुर्ग, तृतीय – सरगुजा, अंडर-14 बालिका वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – सरगुजा, तृतीय – बिलासपुर, अंडर-17 बालिका वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – दुर्ग, तृतीय – बिलासपुरअंडर-19 बालिका वर्ग : प्रथम – रायपुर, द्वितीय – सरगुजा, तृतीय – बिलासपुर प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग (14, 17, 19 वर्ष) बालक एवं बालिका वर्ग में रायपुर ज़ोन प्रथम स्थान पर रहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती छाया प्रकाश राव सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीपीआई से लाल बहादुर सोनकर, वरुण पांडे, संजय शुक्ला, संदीप गोयलकर, प्रकाश कश्यप, गजेंद्र कुमार साहू, केशव जलक्षत्री, संदीप शर्मा, राकेश प्रधान, श्रीमती बुद्धेश्वरी एवं श्रीमती मनप्रीत कौर आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। छत्तीसगढ़ स्क्वैश एसोसिएशन के संरक्षक एवं फाउंडर डॉ. विष्णु कुमार श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने भी सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

### युवा आबादी में हृदय की कमजोरी ज्यादा देखी जा रही, सावधानी जरूरी

# युवाओं में बढ़ते हृदय रोग से बचाव के लिए जरूरी है जीवनशैली में बदलना, कम होगा जोखिम

हृदय रोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती समस्या है जिसका शिकार सभी उम्र के लोग हो रहे हैं। युवा आबादी में भी ये दिक्कत बढ़ती देखी जा रही है। हालिया रिपोर्ट्स में बैठे-बैठे, जिम के दौरान हार्ट अटैक और इसके कारण मौत के कई मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

हृदय रोग और इससे संबंधी बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ एस.एन. तिवारी बताते हैं, हृदय को स्वस्थ रखने के लिए कम उम्र से ही प्रयास करते रहना जरूरी है। संभावित हृदय संबंधी समस्याओं का समय रहते पता लगाने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरूर कराएं। इसके साथ आहार और दिनचर्या को ठीक रखने वाले उपाय करके कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर दोनों को कंट्रोल में रखें। कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर धमनियों में प्लाक के निर्माण को बढ़ावा दे सकता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा रहता है। अपने वजन को कंट्रोल बनाए रखना हृदय पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए जरूरी है। आइए जानते हैं कि हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए क्या उपाय किया जाना चाहिए?

### शराब-धूम्रपान को कहें ना

हृदय को स्वस्थ बनाए रखने के लिए शराब-धूम्रपान दोनों से दूरी बनाकर रखना बहुत जरूरी है। धूम्रपान धमनियों की परत को नुकसान पहुंचाने और प्लाक बनने को जोखिमों को बढ़ा सकता है। इन स्थितियों में हृदय रोगों का जोखिम काफी हद तक बढ़ा देता है। धूम्रपान की ही तरह शराब का सेवन भी नुकसानदायक है। शराब पीने से रक्तचाप बढ़ सकता है और हृदय की लय में गड़बड़ी हो सकती है, इससे दीर्घकालिक हृदय रोगों का जोखिम काफी बढ़ जाता है।

### सुनें दिल की आवाज

हृदय की किसी भी समस्या को कभी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर की आवाज सुनें। अगर आपको सीने में दर्द, सांस फूलने की दिक्कत बनी रहती है तो ये हृदय की गंभीर समस्याओं की तरफ इशारा हो सकता है जिसपर समय रहते ध्यान देना औप उपचार प्राप्त करना जरूरी है।

## पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट में रायपुर टीम रही पदक विजेता

**रायपुर।** इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन एवं कर्नाटक पेंचाक सिलाट संघ के संयुक्त तत्वाधान में 13 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26 से 28 सितंबर को कर्नाटक के कोप्पल जिले में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश के टीमों ने भाग लिया। जहा छत्तीसगढ़ टीम में 31 बालिका एवं 24 बालक खिलाड़ी और 7 टीम ऑफिशल समेत कुल 62 सदस्य दल शामिल थे। जिसमें रायपुर जिले से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें खिलाड़ियों ने 16 पदकों को हासिल किया । जिसमें से 2 स्वर्ण , 2 रजत और 12 कांस्य पदक है।



इनमें टैंडिंग में सिंगा वर्ग में जीवा वेलप्पु (6 वर्ष, 1स्वर्ण पदक वर्ग 17 से 19 किलो) माकान वर्ग में अबीर गोलछा (7 वर्ष,1 कांस्य पदक वर्ग 24 से 26 किलो ) अहाना गोलछा (7 वर्ष, 1 कांस्य पदक वर्ग 24 से 26 किलो) वर्ग प्री टीन में महीप छाजेड़ (11 वर्ष, 1 रजत पदक वर्ग 54 से 56 किलो), रिशिक श्रीवास (12 वर्ष, 1 कांस्य पदक वर्ग 52 से 54 किलो) वर्ग प्री जूनियर में जीविका छाजेड़ (13 वर्ष, 1 रजत पदक वर्ग 39 से 42 किलो) वर्ग जूनियर में कृतिका कासेर (15 वर्ष, 1 कांस्य पदक वर्ग 43 से 47 किलो) सैनी इवेंट्स शोलो में जीविका छाजेड़ (13 वर्ष, 1स्वर्ण पदक वर्ग प्री जूनियर) अरनव सिंह बंजारे (13 वर्ष, कांस्य पदक वर्ग प्री जूनियर) जीवा वेलप्पु (6 वर्ष, 1 रजत पदक वर्ग सिंगा) अहाना गोलछा (7 वर्ष, 1 कांस्य पदक वर्ग माकान) गांडा जूनियर में मुग्धा सिंह (14 वर्ष) विधी सिपानी (16 वर्ष) कांस्य पदक रेगू जूनियर में ऋषिता शर्मा (14 वर्ष) मुग्धा सिंह (14 वर्ष) कृतिका कासेर (15 वर्ष) कांस्य शामिल हैं। इनमें अभिषेक पटेल , वंश टावरी और चिन्मय सिपानी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।




## आंखों की चमक बरकरार रखने उठाएं जरूरी कदम

आंखें ईश्वर का वरदान हैं, यही शरीर का वो हिस्सा हैं जो हमें दुनिया की खूबसूरती का एहसास कराती हैं। हालांकि समय के साथ लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इससे संबंधित जोखिम बढ़ते जा रहे हैं। मोबाइल-कंप्यूटर्स पर अधिक समय बिताना हो या फिर डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियां, इन सभी के कारण आंखों की सेहत पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंधापन और कम दृष्टि के प्रमुख कारणों में मुख्य रूप से मोतियाबिंद, मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी बीमारियां हैं।


आंखों से संबंधित बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों का ध्यान आकर्षित करने और बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल अक्तूबर माह के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। इस बार का थीम है- अपनी आंखों से प्यार करें' है, कार्यस्थल पर आंखों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

### अच्छा आहार आंखों के लिए जरूरी

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ और पौष्टिक हो। थाली में कई रंगों वाली सब्जियों-फलों को दैनिक आहार का हिस्सा बनाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक और विटामिन-सी और



ई जैसे पोषक तत्व मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद जैसी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, केल और कोलार्ड, फैटी फिश, अंडे, नट्स, बीन्स आदि आंखों की सेहत के लिए लाभकारी हैं।




















शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार क्रय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।







शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।













# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### मशहूर कॉमेडियन जिमी फिर कर रहे वापसी, बंद हुआ था शो

अमेरिकी मनोरंजन जगत के मशहूर कॉमेडियन जिमी केमिल के शो पर बीते दिनों रोक लगा दी गई थी, क्योंकि उन्होंने चार्ली किर्क की हत्या पर टिप्पणी की थी। अब उनका शो फिर से शुरू हो रहा है। बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं। एबीसी ने अपने बयान में कहा, ₹ हमने देश के लिए एक भावनात्मक क्षण में तनावपूर्ण स्थिति को और भड़काने से बचने के लिए शो का निर्माण स्थगित करने का निर्णय लिया था।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹हमने यह निर्णय इसलिए लिया क्योंकि हमें लगा कि कुछ टिप्पणियां गलत समय पर हुईं इसलिए वो असंवेदनशील थीं। हमने पिछले कुछ दिनों में जिमी के साथ विचार-विमर्श किया है और उन चर्चाओं के बाद, हम को शो पर वापस लौटने का निर्णय ले पाए हैं।₹ ये पूरा मामला तब शुरू हुआ, जब जिमी किमेल ने अपने शो में चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे टायलर रॉबिन्सन पर टिप्पणी की। किमेल ने दावा किया कि रॉबिन्सन पहले ट्रंप समर्थक रिपब्लिकन रहा होगा और 'मैगा गिरोह' इस बात को छिपाने की कोशिश कर रहा है। उनकी इस टिप्पणी के तुरंत बाद दक्षिणपंथी समूहों ने उन्हें निशाने पर ले लिया।



## टॉलीवुड

### फिर साथ दिखे सामंथा-राज, घटे हुए वजन को देख चौंक गए फैंस

पिछले कुछ वक्त से एक्ट्रेस सामंथा रूथ का नाम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। हाल ही में दोनों को एक अवॉर्ड इवेंट में साथ देखा गया। इस मौके पर सामंथा के वेट लॉस ने फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। सामंथा रूथ एक अवॉर्ड इवेंट में नजर आईं। इस मौके पर उनका लुक काफी चर्चा में रहा। साथ ही इसी इवेंट में कई सेलिब्रिटीज को देखा गया। सामंथा के रूमर्ड बॉयफ्रेंड और डायरेक्टर राज निदिमोरु भी यहां मौजूद दिखे। इवेंट के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो में सामंथा को राज निदिमोरु गले लगाते हुए दिखे। सामंथा कुछ लोगों से राज की मुलाकात करवाती हैं। दोनों काफी देर तक बातें करते हैं। सामंथा राज के साथ काफी खुश नजर आ रही हैं।



सामंथा रूथ जिस इवेंट में पहुंचीं उसमें कई और सेलेब्स भी दिखाई दिए। इस लिस्ट में 'बिग बॉस 18' फेम यामिनी मल्होत्रा, सिंगर कनिका कपूर, एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी, शामिल रही हैं। इन सभी के ग्लैमरस लुक ने अवॉर्ड नाइट की रौनक बढ़ा दी। सीरीज 'मानवत मर्डर्स' के लिए सोनाली कुलकर्णी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। इस सीरीज में उन्होंने एक नेगेटिव रोल किया था। मुंबई में शनिवार रात इंडियन स्ट्रीमिंग एकेडमी अवॉर्ड हुए, जहां बॉलीवुड, टीवी जगत की कई हस्तियां नजर आईं।

## भोजपुरी

### 'टीवी वाली बीवी' बनी आम्रपाली पोस्टर देख उत्साहित हुए दर्शक

भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे एक और नई फिल्म लेकर आ रही हैं। उसका नाम है 'टीवी वाली बीवी', जिसका फर्स्ट पोस्टर रिलीज हुआ है। उसमें वह पति के कंधों पर सवार दिखाई दे रही हैं। भोजपुरी सिनेमा में कई अदाकारा हैं, जिनकी एक्टिंग फैंस का दिल जीत लेती है, लेकिन आम्रपाली दुबे अपनी फिल्मों और एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अपने स्टाइलिश लुक से फैंस को मंत्रमुग्ध कर देती हैं, और बाकी की कसर एक्ट्रेस की सामाजिक फिल्में पूरी कर देती हैं। अभी तक एक्ट्रेस की फिल्म साइकिल वाली दीदी का शानदार ट्रेलर फैंस के दिलों से उतरा नहीं है कि अब आम्रपाली ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज कर फैंस का दिल जीत लिया है।आम्रपाली दुबे ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को नई फिल्म के पोस्टर की जानकारी दी है। आम्रपाली ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है जिसका नाम है- टीवी वाली बीवी। पोस्टर में एक्ट्रेस टीवी के बड़े से फ्रेम के अंदर दिख रही हैं और टीवी के फ्रेम को उनके ऑनस्क्रीन पति ने अपने कंधों पर उठा रखा है। फिल्म का पोस्टर काफी प्रॉमिसिंग है। पोस्टर देखने के बाद फैंस फिल्म के ट्रेलर को देखने के लिए बेताब हैं।



बात अगर फिल्म की करें तो फिल्म को डायरेक्ट इश्तियाक शेख बंटी कर रहे हैं। डायरेक्टर ने फिल्म का पहला पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा, 'नवरात्रि के शुभ मौके पर हमारी फिल्म टीवी वाली बीवी का पहला लुक आपके साथ शेयर कर रहा हूं।' बता दें कि फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, पंकज तिवारी और चंद्रभानु रमन हैं, जबकि फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है। वर्क फ्रंट की बात करें तो 10 दिन पहले आम्रपाली दुबे की लेटेस्ट फिल्म 'साइकिल वाली दीदी' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।

# लाइफ स्टाइल

## एशियन जलवा

एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन (एआईएफडी) ने दुनिया के अलग-अलग मुल्क में अपनी फैशन अभिरूचियों को लेकर नए आयाम तय किए हैं। एआईएफडी की की पेशकश 'फैशन ओडिसी' को दुनिया भर में सराहना मिल रही है। जिसमें दुनिया भर के फैशन डिजाइनर अपने कलेक्शन भी प्रदर्शित कर रहे हैं।



## वैक्सिंग करने के बाद करें ये काम, लंबे समय तक त्वचा रहेगी साफ

वैक्सिंग के बाद, त्वचा का खासतौर से ख्याल रखना चाहिए। अगर आप स्किन को किसी तरह के डिस्कम्फर्ट से बचाना चाहती हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान देना चाहिए। अच्छे लोशन लगाने से लेकर सही कपड़े पहनने तक वैक्सिंग के बाद आपको अन्य किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, आइए जानें।

### वैक्सिंग के बाद माइल्ड क्लींजर से करें त्वचा को साफ

वैक्सिंग के बाद त्वचा में थोड़ी-सी खुजली होना सामान्य है। क्या आप स्किन को स्क्रैच करने लगती हैं? या बार-बार गंदे हाथों से हाथ-पैरों को छूती हैं? ऐसा बिल्कुल न करें। वैक्सिंग के बाद किसी तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए ऐसा नहीं करना चाहिए। इसके अलावा हमेशा एक माइल्ड, फ्रैगरेंस फ्री क्लींजर से त्वचा को साफ करें और त्वचा पर यदि वैक्स छूट गई है, तो उसे साफ करें।

### वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें

फिटेड कपड़े पहनना गलत नहीं है, बस आपको वैक्सिंग के बाद टाइट और फिटेड कपड़े नहीं पहनने चाहिए। इससे आपकी त्वचा पर फ्रिक्शन होगा और हाथ या पैर में जलन या रैशेज पड़ सकते हैं। वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें। इससे त्वचा को सांस लेने में मदद मिलेगी और डिस्कम्फर्ट या अक्सर होने वाली इनग्रोन हेयर की समस्या नहीं होगी। असुविधाजनक घर्षण और जलन से बचने के लिए वैक्स के बाद कुछ दिनों के लिए बैगी यानी ढीले कपड़े ही पहनें।



### वैक्सिंग के बाद ठंडे पानी से नहाएं

हॉट बाथ लेना या स्टीम रूम में बैठना आपको भी अच्छा लगता होगा। मगर एक चीज का ध्यान रखें कि वैक्सिंग के बाद हॉट बाथ नहीं लेना चाहिए। गर्म पानी से त्वचा में जलन पैदा हो सकती है। वैक्सिंग के तुरंत बाद ठंडे पानी से नहाएं या ठंडे पानी से त्वचा को साफ करें। इससे जलन कम होगी और त्वचा को आराम मिलेगा। इसके अतिरिक्त पूल या बीच में जाने से भी बचें। इस तरह से आप इंफेक्शन भी बच जाएंगी।

### वैक्सिंग के बाद एलोवेरा जेल या सूदिंग लोशन लगाएं

अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा लाल हो जाती है, तो उसे पहले शांत करें। किसी भी तरह का मेकअप या केमिकल युक्त क्रीम न लगाएं। इससे जलन बढ़ सकती है। अपने हाथ और पैरों में कोई सूदिंग-सा लोशन लगाएं। अगर आपके पास एलोवेरा जेल है, तो उससे अच्छा विकल्प नहीं हो सकता है। एलोवेरा जेल (एलोवेरा जेल लगाने के फायदे) इरिटेटेड स्किन को शांत करता है।


## स्टाइलिश बनने की चाह है तो देखें फुल घेरे वाले सूट डिजाइंस



लगभग हर एक दिन हम सूट पहनना पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइंस भी आपको कई मिल जाएंगे। वहीं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की बात करें तो आजकल एक्सपेरिमेंटल फैशन का दौर चल रहा है, जिसे हम जैसे कई लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं।



दौर की बात करें तो आजकल फुल घेरे वाले सूट को काफी पसंद किय जा रहा है। अगर आप भी अपने सूट लुक को थोड़ा स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो हम आपको दिखाने वाले हैं फुल घेरे वाले सूट के लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप रोजाना से लेकर किसी छोटे-बड़े फंक्शन के लिए स्टाइल कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।



### नायरा कट सूट डिजाइन

मार्केट में आजकल इस तरह के नायरा कट काफी चलन में नजर आ रहे हैं। इस सूट को डिजाइनर गोपी वैद ने डिजाइन किया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 800 रुपये से लेकर 1500 तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप बालों के लिए वेवी ओपन हेयर स्टाइल चुनें और पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल करें।

### अनारकली स्टाइल सूट डिजाइन

अनारकली सूट का चलन एवरग्रीन रहता है। इस कलीदार सूट को डिजाइनर ड्रिजी ऋद्धि सूरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप हैवी झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बालों के लिए आप स्लीक बन हेयर स्टाइल या ओपन हेयर स्टाइल को चुनें।

## दमकती त्वचा पाने करें हल्दी का इस्तेमाल हर कोई पूछेगा आपके ग्लो की वजह

दमकती त्वचा पाने के साथ आप हल्दी के नियमित इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियों से छुटकारा पा सकते हैं। वर्षों से त्वचा की देखभाल में हल्दी का इस्तेमाल किया जा रहा है। हल्दी में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। ऐसे में अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए आपको इसके इस्तेमाल का सही तरीका बताते हैं।



### त्वचा को चमकाएं हल्दी और चंदन

अगर आपके चेहरे पर काफी ज्यादा एक्ने की समस्या है तो आप हल्दी में गुलाबजल, चंदन पाउडर और शहद मिलाकर इसका फेसपैक बना सकते हैं। ये चेहरे का ग्लो बरकरार रखने में काफी फायदेमंद रहता है।

### हल्दी और दही

त्वचा को चमकाने के लिए आप हल्दी में ताजी दही और बेसन के साथ मिलाकर फेस पैक बनाएं। इस पैक को चेहरे पर लगाकर तब तक के लिए छोड़ दें, जब तक ये सूख ना जाए। पैक सूख जाने पर गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें। ये पैक चेहरे के दागों को मिटाने का काम करता है।

### दूध और हल्दी

अगर आप बढ़ती उम्र को रोकना चाहते हैं तो दूध और हल्दी का फेसपैक बना सकते हैं। इस पैक को बनाने के लिए 3 चम्मच दूध में एक चौथाई चम्मच हल्दी को मिक्स कर लें। अब इस पैक से चेहरे पर मसाज करें। जब दूध सूख जाए तो 10 मिनट के बाद चेहरे को धो लें। अगर आपकी आंखों के नीचे काले घेरे हो गए हैं तो हल्दी को चावल के आटे, टमाटर का रस और कच्चे दूध के साथ मिलाकर पैक तैयार करें।

## नोज रिंग के ये लेटेस्ट डिजाइंस आपके लुक को बनाएंगे खास

स्टाइलिश दिखने के हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए हम आए दिन लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से अपने लुक को स्टाइल करते हैं। किसी भी लुक को स्टाइल करने के लिए ज्वेलरी का रोल अहम होता है और नए डिजाइंस के लिए अक्सर हम सेलिब्रिटीज के लुक्स को रीक्रिएट करते हैं। सेलिब्रिटीज की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस आलिया भट्ट के पहने हुए नोज रिंग आजकल सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं। इसलिए आज बात आलिया भट्ट के पहने हुए नोज रिंग्स की, जो आपको मार्केट में कम से कम दामों में आसानी से मिल जाएंगे। साथ ही बताएंगे इन नोज रिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### सिंपल रिंग स्टाइल नोज पिन

आलिया ने मूवी में कई तरीके की नोज पिन को कैरी किया है। वहीं इन सबके बीच आलिया ने सिंपल सी नोज रिंग को स्टाइल किया है। इस तरह की नोज पिन आप वेस्टर्न से लेकर इंडो-वेस्टर्न या ट्रेडिशनल वियर के साथ भी कैरी कर सकती हैं। अगर आपकी नोज पियर्सिंग नहीं हो रखी है तो भी आपको इसमें मार्केट से कई ऑप्शन आसानी से मिल जाएंगे।

### सिंगल स्टोन नोज रिंग



अगर आप ज्यादा बड़े साइज की नोज पिन को कैरी नहीं करना चाहती हैं तो आलिया भट्ट की पहनी हुई इस सिंपल सी स्टोन वाली नोज रिंग की तरह दिखने वाला कोई डिजाइन खरीद सकती हैं। इसमें आपको को डिजाइन व कलर ऑप्शन देखने को आसानी से मिल जाएंगे।

### बोहो स्टाइल नोज रिंग

इस तरह की नोज रिंग खासकर गोल चेहरे पर खूबसूरत नजर आती है। बता दें कि इस तरह की मिलती-जुलती नोज रिंग आपको मार्केट में लगभग 50 रूपये से लेकर 150 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की नोज पिन को आप वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल वियर तक के साथ कैरी कर सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### पुरुषों को ज्वेलरी पहनने का है शौक तो ऐसी गलतियां कभी मत कीजिए


# ज्वेलरी पहनने का शौक है तो झिझक छोड़िए और अपनाइए स्टाइल, परफेक्ट लुक के लिए टिप्स जानें

आप ज्वेलरी कम ही पहनते हैं। कभी चेन या फिर अंगूठी। लेकिन कई पुरुष ऐसे हैं जो अब ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। उन्हें कान में इयररिंग भी चाहिए और हाथ में ब्रेसलेट भी। लेकिन जब भी ज्वेलरी पहनने का मन करे तो कुछ बातें याद रखिएगा। ये वो बातें हैं जो खूब सारी ज्वेलरी में भी आपका मेस्क्युलिन लुक मेनटेन रखेंगी। बस जब भी ज्वेलरी में लुक को परफेक्ट नंबर चाहिए हों तो इन्हें न भूलिए।

आपको भी ज्वेलरी पहनना पसंद है? लेकिन लोग क्या कहेंगे? सोचते रहते हैं तो आप गलत कर रहे हैं। आपको बस कुछ टिप्स याद रखने हैं फिर आप आसानी से ज्वेलरी वाला लुक अपना सकते हैं।

ज्यादातर भारतीयों का आज भी यही मानना है कि पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं। जबकि अब वो समय है जब फैशन के नियम भी लोग खुद बना रहे हैं।

ऐसे में पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं सोच कर ये प्लान न ड्रॉप कीजिए बल्कि मन के हिसाब से ज्वेलरी पहनिए लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ।



ये आत्मविश्वास पाने का एक तरीका ये भी है कि आप स्टोर पर जाकर ज्वेलरी ट्राई करें। पहनकर खुद को देखें और अपनी पार्टनर से भी व्यू लें। इस तरह से ज्वेलरी पहनने का आत्मविश्वास आ जाएगा। बस शुरू में ज्वेलरी लुक को बिलकुल सिंपल रखें।

आपको ये पता होना चाहिए कि कितनी ज्वेलरी को ज्यादा ज्वेलरी कहा जाएगा। इसलिए ज्वेलरी उतनी पहनिए, जितनी 'ज्यादा हो गया' वाले मामले में न आती हो।

क्योंकि याद रखिए कि ज्वेलरी भले ही आप सबसे आखिर में पहनते हैं लेकिन ये वो सबसे पहली चीज होती है जिस पर निगाहें जाती हैं।

इसलिए इतनी भी न पहन लीजिए कि लोग ज्वेलरी से ही नजर न हटा पाएं फिर आपके बाकी लुक का क्या होगा।

हर चीज बैलेंस ही अच्छी लगती है, ये बात तो सब समझते हैं लेकिन हर काम को बैलेंस करना आसान नहीं होता है। मगर ज्वेलरी और लुक को आसानी से बैलेंस किया जा सकता है। आपको अपने पूरे लुक के हिसाब से ज्वेलरी पहननी होगी। ऐसा न हो कि आप सिर्फ गले पर ही खूब सारी चेन पहन लें। इस तरह से लुक बैलेंस नहीं होगा। इसके अलावा अगर आपको छोटे डायल की घड़ियां पसंद हैं तो दूसरे हाथ में बिलकुल भारी ब्रेसलेट कभी भी न पहनें। आपकी स्किन टोन कैसी है? बेस्ट लुक के लिए ज्वेलरी इसके हिसाब से भी चुनी जा सकती है। दरअसल हमारी स्किन किसी खास कपड़ों और मेटल में ही ज्यादा अच्छी लगती है। इसके लिए आपको तरह-तरह के मेटल ट्राई करने होंगे। ज्वेलरी चुनने के लिए आप ये तरीका अपना सकते हैं।

